


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



विक्रम वेधा में 3 अलग–अलग...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 08 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 259 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## भारत–बांग्लादेश के बीच मजबूत संबंध, शेख हसीना बोलीं– दोनों देशों के युवाओं को साझा इतिहास से जुड़ने की है आवश्यकता

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना पुरस्कार वितरण ष्बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान छात्रवृत्तिष समारोह में शामिल हुए। इस दौरान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने भारत के साथ रिश्तों को लेकर कई बडी बात कही है। उन्होंने कहा कि भारत–बांग्लादेश के बीच के सांख्यिकी साझेदारी पिछले दशक में और आगे बढ़ी है। 50 साल की मजबूत संबंधों में दोनों देशों ने बहुत से क्षेत्रों में अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाया है। हमने समुद्री और सीमा से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए चर्चा को आगे बढ़ाया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश संयुक्त तौर पर बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान पर बायोपिक बना रहे हैं, जिसपर काम जारी है। हम इसके जल्द रिलीज होने की उम्मीद कर रहे हैं।




शेख हसीना ने कहा कि दोनों देशों (भारत और बांग्लादेश) के युवाओं को अधिक निकटता से बातचीत करने और साझा इतिहास से जुड़ने की आवश्यकता है क्योंकि वे भविष्य के नेता हैं और सीमा पार के नेताओं को हमारे नेताओं की तरह निकट सहयोग में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान छात्रवृत्ति कक्षा 10 के 100 छात्रों और 12 वीं कक्षा के 100 छात्रों को प्रदान करना, भारतीय नायकों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने हमारे कारण के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा कि हम 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान अपनी जान गंवाने वाले भारतीय सैनिकों को अपना सम्मान देते हैं। भारतीय भाइयों और युद्ध के दिग्गजों को याद करना हमारे लिए सम्मान की बात है, जिन्होंने हमारी स्वतंत्रता और संप्रभुता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

इस मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हमारे लिए भी बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व है। बांग्लादेश की तरह भारत में भी उन्हें याद किया जाता है। च्ड ने कहा कि बंगबंधु हमारे भी राष्ट्रीय नायक हैं। उनके सम्मान में दोनों देश उन पर एक बायोपिक बना रहे हैं जो पूरी होने वाली है। 1971 का मुक्ति संग्राम हमारे द्विपक्षीय संबंधों को प्रेरित करता है। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की थी। कांग्रेस ने कहा कि दोनों नेताओं ने अनेक मुद्दों पर लाभप्रद चर्चा की। यह मुलाकात चाणक्यपुरी स्थित होटल आईटीसी मौर्या में हुई। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री चार दिन की यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंची थीं।

## भाजपा नहीं कर रही कोई काम, शरद पवार से मिले नीतीश कुमार, कहा– विपक्ष का एकजुट होना जरूरी

मुंबई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने



दिल्ली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार से की मुलाकात है। मुलाकात के बाद उन्होंने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि शरद पवार से बहुत अच्छी बातचीत हुई। नीतीश ने कहा कि भाजपा के लोग कोई काम नहीं कर रहे हैं। एकजुट होना जरूरी है। मैं बस इतना चाहता हूं कि ज्यादातर विपक्ष एकजुट हो जाए। अगर (विपक्ष) एकजुट हो जाता है तो यह देश के हित में होगा। अपने लहजे में उन्होंने कहा कि हम लोगों की एक राय है कि अधिक से अधिक दल एक साथ होकर राज्यों और देश के विकास के लिए काम करेंगे। मैंने यह भी कह दिया है कि सब एकसाथ होकर लड़ेंगे तो देश का विकास होगा क्योंकि ये लोग (भाजपा) तो कुछ काम कर नहीं रहे हैं। बिहार सीएम ने आरोप लगाया कि इनकी (भाजपा) बस पूरे देश पर कब्जा करने की योजना चल रही है, इसलिए एकजुट होना जरूरी है। प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं रेस में शामिल नहीं हीं। इसके साथ ही उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आपस में बात कर नेता भी चुन लिया जाएगा, मतलब मुझे नहीं बनना है। जिसे नेता बनना होगा उसे चुन लिया जाएगा। आपको बता दें कि बिहार में सत्ता में उलटफेर के बाद नीतीश कुमार ने एनडीए का साथ छोड़ दिया था। उन्होंने महागठबंधन के साथ मिलकर सरकार बना ली थी। वह बिहार के मुख्यमंत्री लगातार बने हुए हैं। इस बार उनके साथ उपमुख्यमंत्री की भूमिका में राजद के तेजस्वी यादव हैं।

## पीएम-श्री स्कूल योजना को मोदी सरकार ने दी मंजूरी

### देशभर में 14,597 स्कूलों को बनाया जायेगा उन्नत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए हैं। इसी कड़ी में मोदी सरकार ने 'प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया' (पीएम–श्री) योजना को मंजूरी प्रदान कर दी जिसके तहत देश भर में 14,597 स्कूलों को आर्दश विद्यालय के रूप में विकसित व उन्नत किया जाएगा। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने च्ड–ैभ्त्प् स्कूलों की स्थापना के लिए एक नई योजना शुरू करने को मंजूरी दी है। केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों सहित 14,000 से अधिक स्कूलों को पीएम–श्री स्कूलों के रूप में उभरने के लिए मजबूत किया जाएगा। इस पर 27,360 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे जिसमें केंद्र की हिस्सेदारी 18,128



करोड़ रूपये होगी। इससे 18 लाख छात्रों को फायदा होगा। इसके साथ ही मोदी सरकार ने च्ड गति शक्ति फ्रेमवर्क को लागू करने के लिए रेलवे की नई लैंड पॉलिसी को संयोजित करने के लिए रेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इसमें कार्गो से संबंधित गतिविधियां हों, पब्लिक यूटिलिटी, रेलवे के एक्सक्लूजिव इस्तेमाल में संशोधन किए गए हैं। ये संशोधन रेलवे की भूमि नीति में बुनियादी ढांचे को और अधिक कार्गो टर्मिनल के एकीकृत विकास को बढ़ावा देगी। ठाकुर ने कहा कि इस संशोधन में प्रति वर्ष भूमि के बाजार मूल्य के 1.5: की दर से 35 वर्ष की अवधि तक कार्गो के लिए और कार्गो से संबंधित गतिविधियों के लिए रेलवे की भूमि की लॉन्ग टर्म लीजिंग का प्रावधान किया गया है। अगले 5 वर्षों में 300 से ज्यादा पीएम गति शक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित किए जाएंगे। 1,25,000 से ज्यादा रोजगार के अवसर इसमें होंगे। इससे माल ढुलाई में रेलवे की हिस्सेदारी में बढ़ोतरी भी होगी।

## कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो' यात्रा को भारतीय राजनीति का टर्निंग प्वाइंट करार दिया

कन्याकुमारी। कांग्रेस ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा आरंभ होने से पहले बुधवार को कहा कि यह यात्रा भारतीय राजनीति में एक टर्निंग प्वाइंट' (निर्णायक मोड़) है और एक नई शुरुआत का प्रतीक है। पार्टी




महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, सात सितंबर 2022 एक ऐसा दिन जब देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा शुरू करेगी। आज का दिन एक शांत चिंतन और नए सिरे से संकल्प का दिन है। उन्होंने कहा, भारतीय राजनीति में यह एक टर्निंग प्वाइंट है। एक नई शुरुआत का प्रतीक है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यात्रा शुरू करने से पहले श्रीपेरंबदूर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के स्मारक पर सुबह श्रद्धांजलि अर्पित की और एक प्रार्थना सभा में शामिल हुए। तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में तीन दशक पहले एक चुनावी रैली के दौरान आत्मघाती हमला करके राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। राहुल गांधी ने अपने पिता के स्मारक पर पुष्प अर्पित किए और प्रार्थना सभा में शामिल हुए। राहुल शाम को यहां के समुद्री तट के निकट एक जनसभा को संबोधित करेंगे और इसके साथ इस यात्रा की औपचारिक शुरुआत होगी, हालांकि राहुल गांधी और 118 अन्य 'भारत यात्री' आठ सितंबर की सुबह विधिवत पदयात्रा आरंभ करेंगे। राहुल जनसभा से पहले यहां के 'गांधी मंडपम' में एक प्रार्थना सभा में शामिल होंगे। फिर वह एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन उन्हें राष्ट्र ध्वज सौंपेंगे। राहुल विवेकानंद रॉक मेमोरियल, तिरुवल्लुवर स्टैच्यू और कामराज मेमोरियल भी जाएंगे। पदयात्रा 11 सितंबर को केरल पहुंचेगी और अगले 18 दिनों तक राज्य से होते हुए 30 सितंबर को कर्नाटक पहुंचेगी और उसके बाद उत्तर की तरफ अन्य राज्यों में जाएगी।

## सूखे की मार झेल रहे किसानों को बड़ी राहत

### दलहन-तिलहन और सब्जी के बीज मुफ्त देगी योगी सरकार

लखनऊ। सूखे की मार झेल रहे किसानों के लिए राहत की खबर है। सरकार ने फैसला किया है कि जिन इलाकों में बारिश कम हुई है वहां दलहन–तिलहन के बीज के मिनी किट किसानों को मुफ्त दिए जाएंगे। इसके अलावा सिचाईं विभाग को आदेश दिया गया है कि वो नहरों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करे। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति को भी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं जिससे किसानों को सिचांई आदि में दिक्कत ना हो। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मंगलवार को जून जुलाई में हुई खरीफ गोष्ठियों की समीक्षा की गयी। इस बैठक में किसानों से जुड़ी 125 समस्याओं पर चर्चा हुई और किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गए। कृषि मंत्री ने इस दौरान बताया कि जल्द ही आंवला को कृषि उपज से वन उपज की सूची में डाला जाएगा।



## कोरोना वायरस के मामले घटे! भारत में 24 घंटे में 5,379 नए मामले, 27 लोगों ने तोड़ा दम

नयी दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 5,379 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,44,72,241 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 50,594 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 27 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,28,057 पर पहुंच गई है। इन 27 मामलों में वे 11 लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का




पुनरूमिलान करते हुए केरल ने संक्रमण से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में जोड़े हैं। आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 50,594 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.11 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,742 की कमी दर्ज की गई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.70 प्रतिशत हो गई है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 1.67 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर दो प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,38,93,590 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड–19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–19 रोधी टीकों की 213.91 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

## कोई शर्ट उतारकर रुद्राक्ष नहीं देखता, हिजाब पर सुप्रीम कोर्ट में हुई जोरदार बहस, क्रॉस का भी जिक्र



नई दिल्ली। कर्नाटक के शिक्षण संस्थानों में हाई कोर्ट की ओर से हिजाब पहनने पर रोक के फैसले को चुनौती देने वाली अर्जी पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान शीर्ष अदालत में जजों और वकीलों के दिलचस्प बहस देखने को मिली। जस्टिस हेमंत गुप्ता ने केस की सुनवाई के दौरान एक वकील से कहा कि इस मामले में आप अतार्किक नहीं हो सकते। क्या राइट टू ड्रेस के साथ राइट टू अनड्रेस भी शामिल है? इस पर वकील देव दत्त कामत ने कहा, कोई भी स्कूल में अनड्रेस नहीं हो रहा। इस पर जस्टिस गुप्ता ने कहा, श्समस्या यह है कि एक समुदाय के लोग हिजाब पहनने की मांग कर रहे हैं। वहीं दूसरे समुदाय के लोग ड्रेस कोड का पालन कर रहे हैं। दूसरे समुदायों के छात्र यह नहीं कह रहे हैं कि हम यह पहनना चाहते हैं और यह नहीं।श बहस के दौरान रुद्राक्ष और क्रॉस पर भी उठा सवालः बहस के दौरान वकील कामत ने कहा कि बहुत से छात्र क्रॉस और रुद्राक्ष पहनकर आते हैं। इस पर जज ने कहा कि ये चीजें शर्ट के अंदर पहनी जाती हैं।






## दशहरा–दिवाली से पहले दिल्ली सरकार ने लगाया पटाखों पर बैन! उत्पादन, बिक्री, भंडारण करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

नयी दिल्ली। दिवाली और दशहरे से पहले आम आदमी पार्टी की सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली में अगले साल 1 जनवरी तक पटाखों की ऑनलाइन बिक्री और डिलीवरी पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा सभी तरह के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गई है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक बयान में कहा कि प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा, दिल्ली की जनता को प्रदूषण के खतरे से बचाने के लिए साल 2021 की तरह इस बार भी सभी तरह के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री



और इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक है, ताकि लोगों की जीवन बचाया जा सकता है। इस बार दिल्ली में पटाखों की ऑनलाइन बिक्री और डिलीवरी पर भी रोक रहेगी। यह प्रतिबंध एक जनवरी 2023 तक लागू रहेगा। प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए दिल्ली पुलिस, डीपीसीसी और राजस्व विभाग के साथ मिलकर एक कार्य योजना तैयार की जाएगी। एक साल के लिए दिल्ली में लगा पटाखों पर बैनः दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों के उत्पादन, बिक्री, भंडारण व इस्तेमाल पर एक जनवरी 2023 तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि पटाखों की ऑनलाइन बिक्री पर भी यह प्रतिबंध लागू होता है। राय ने ट्वीट किया, '' दिल्ली में लोगों को प्रदूषण के खतरे से बचाने के लिए पिछले साल की तरह ही इस बार भी सभी तरह के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जा रहा है, ताकि लोगों की जिंदगी बचाई जा सके।''

# शिकायतों के निस्तारण में हांफती नजर आ रही धानेपुर पुलिस, बैरंग लौट रहे फरियादी

गोंडा । धानेपुर अर्न्तगत ग्रामीण इलाकों में घटित होने वाली छोटी छोटी घटनाओं में पुलिस की निष्क्रियता अक्सर बड़े विवादों को जन्म देती है, कई बार ऐसा देखा सुना गया है की शातिर व अपराधिक किस्म के लोगों द्वारा किसी भी घटना को कारित करने के लिए बिना नम्बर प्लेट के वाहन का अथवा चोरी किये गए वाहनों का इस्तेमाल किया गया है,अभी हाल ही में जनपद के बाइक चोरों का एक बड़ा गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा, दर्जनों चोरी की मोटर साइकिलें भी बरामद की गयी हैं। दूसरी तरफ बाइक चोरी की घटनाओं को क्षेत्रीय पुलिस द्वारा गम्भीरता से नही लिया जाता है, पिछले दिनों धानेपुर क्षेत्र के अलग अलग स्थानों से बाइक चोरी की शिकायते प्राप्त हुईं लेकिन आज तक चोरों का पता लगाने में पुलिस नाकामयाब रही। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय कार्यकर्ता अनुज कुमार मिश्रा जो की थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलहरी के रहने वाले हैं, उन्होंने 19 अगस्त को थाने पर लिखित सूचना दी थी, की वे अपनी पल्सर बाइक सिया राम पेट्रोल पम्प के सामने राम कृपाल तिवारी के बरामदे में खड़ी करके वे दूसरे साधन से गोंडा चले गए थे शाम को जब वे वापस आये तो उनकी बाइक नही मिली। बाइक चोरी होने की शिकायत पुलिस से की गयी किन्तु बाइक आज तक बरामद नही हो पाई। इसी थाना क्षेत्र के कस्बा बाबागंज में भी दुकान के सामने से बाइक चोरी होने की सूचना थाने पर पुलिस को दी गयी, किन्तु बाइक का कुछ पता नही चला। इन घटनाओं के साथ ही पुलिस के पास ऐसे शिकायती पत्र भी पहुंचे जिसे लेने तक की फुर्सत साहब को नही मिली जिनमे से एक सीरबनकट गाँव के जनाबनकट के उस इंसान की है जिसके बारह वर्ष बेटे की हत्या कर दी गयी थी, राज कुमार सिंह शनिवार को अपने गाँव के कुछ लोगों के साथ एस.ओ से मिल कर ये शिकायत करने पहुचे थे, की जिस परिवार के लोगों ने उनके बारह वर्ष के बेटे दीपक की हत्या की है, उसी परिवार के लोग घर आई बेटी और दामाद से साथ गाली गलौज व बदतमीजी करते हैं, तथा कुछ अनजान बाहरी लोगों को घर भेज कर धमकाया भी जाता है, राज कुमार सिंह अपनी शिकायत लिए शाम तक इन्तजार करते रहे किन्तु उनकी शिकायत सुनने के लिए किसी के पास फुर्सत नही थी, वे हाथ में प्रार्थना पत्र लिए अपने घर लौट गये। पूरे दतई गाँव के रहने वाले राम प्रसाद मिश्र ने शिकायती पत्र दे कर बताया की घर की दीवाल में पानी के सप्लाई की टोटी लगी थी जिसे उनके विपक्षियों ने तोड़ दिया विरोध करने पर गाली गलौज देते हुए मारने के लिए दौड़ाया किसी तरह भाग कर बच पाया। विपक्षा ठाड़ा लगा कर रास्ता बाधित किये हैं। राम प्रसाद ने बताया की 3 अगस्त को शिकायती पत्र दिया गया था किन्तु आज तक ना पुलिस मौके पर पहुंची और न ही कोई कार्यवाही की गयी। सतनामी पुरवा के रहने वाले इन्द्रसेन ने 24 अगस्त को शिकायती पत्र दिया था की सिंचाई के लिए खेत में लगा पानी का मोटर चोरी हो गया है। ऐसी तमाम शिकायतें पुलिस के पास पहुंचती तो है मगर समय पर उनका निस्तारण नही किया जाता है जिसके कारण अक्सर बड़ी और हिंसात्मक घटनाएं घटित होने का कारण बन जाती हैं।

## समिति व एआर कार्यालय के कर्मचारी दबा रखे हैं अपने ही अभिलेखों का साक्ष्य

### अगर मौजूद है साक्ष्य तो शिकायतकर्ता को देने में क्यों विभाग कर रहा आनाकानी

गोंडा । सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अशोक कुमार को बार–बार शिकायती पत्र देने के बावजूद शिकायतकर्ता को साक्ष्य देने में विभाग आनाकानी करने का कार्य काफी दिनों से कर रहा है। शिकायतकर्ता आलोक जयसवाल ने बताया कि कई बार मेरे द्वारा एआर को पत्र लिखकर समिति के अभिलेखों की मांग की गई परंतु आज तक सही साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है और विभाग के अधिकारी अपना बचने के लिए गलत साक्ष्य देकर मेरे द्वारा दिए जा रहे शिकायती पत्र की खानापूर्ति कर देते हैं श्री जायसवाल ने यहां तक बताया कि अपराध संख्या 515ध2015 में बड़गांव समिति के कर्मचारियों द्वारा अभिलेखों में हेराफेरी करने के मामले में छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था तभी से मामला न्यायालय में विचाराधीन था उसी मामले में दोअभियुक्तों को न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेजे जा चुके हैं। शेष अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 82 की कार्रवाई लंबित है उन्होंने इतना तक बताया कि अगर समित के पास मेरे द्वारा मांगे जा रहे साक्ष्य है तो देने में विभाग को क्या परेशानी हो रही है।अगर नहीं है तो एआर को मेरे शिकायती पत्र को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए लिखकर दे देना चाहिए कि बड़गांव समिति द्वारा मुझको व मेरे कार्यालय को साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

## नहीं रहे सिंधी समाज के पूर्व मीडिया प्रभारी नरेश लधानी

गोंडा । सिंधी समाज के पूर्व मीडिया प्रभारी नरेश लधानी का सुबह लगभग 6 बजे निधन हो गया। नरेश लधानी गोंडा बस स्टॉप पर बेकरी की दुकान करते थे। उनकी दुकान शहर के प्रतिष्ठित दुकानों में से एक थी। नरेश लधानी सिंधी समाज में झूलेलाल महोत्सव में सबके लिए प्रभु झूलेलाल से अरदास लगाते थे। उनकी इसी सेवा की वजह से पूरे सिंधी समाज का उनसे विशेष लगाव था। उनके इलाज के दौरान उनके ठीक होने के लिए सिंधी समाज ने दो बार अरदास का कार्यक्रम रखा था। जिसमें सिंधी समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। जिसके फलस्वरूप नरेश लधानी दो बार मुंबई से गोंडा आए। परंतु अब ऐसा लगता है कि नियति को कुछ और ही मंजूर था। नरेश लधानी अपने पीछे पत्नी चित्रा लधानी, पुत्र ऋषभ लधानी एवं पुत्री मिष्ठी लधानी को छोड़ गए हैं।

# तपस्वी छावनी के अध्यक्ष चुने गए महंत दिलीप दास

## पुजारी ओमप्रकाश दास को बनाया गया सह उपाध्यक्ष

अयोध्या। तपस्वी परिवाराचार्यपीठ श्री तपस्वी जी की छावनी सेवा ट्रस्ट राम घाट अयोध्या के ट्रस्टी गणों की बैठक रामकथा कुंज में हुई जहां महंत सुरेश दास ने दिगंबर अखाड़े की तरफ ट्रस्ट द्वारा नियुक्त महंत दिलीप दास का समर्थन करते हुए कहा कि अगर तपस्वी छावनी परिवार के लोग समर्थन कर रहे हैं तो अखाड़े का भी पूर्ण समर्थन है। ट्रस्ट के प्रधानमंत्री महंत राजेंद्र दास ने कहा कि महंत सर्वेश्वर दास ने 6 नवम्बर 2019 को ट्रस्ट गठन कर सारी संपत्ति को ट्रस्ट के अधीन कर दिया था और उनके ना रहने पर ट्रस्टी गणों को ही अधिकार है महंत और ट्रस्ट के अध्यक्ष नियुक्त करने का है। उन्होंने बताया कि ट्रस्टी गण सर्वसम्मति से जगन्नाथ मंदिर के महंत दिलीप दास को अध्यक्ष और तपस्वी छावनी के पुजारी ओमप्रकाश दास को सह उपाध्यक्ष और दोनों लोगों को संयुक्त महंत 2 सितंबर की बैठक में नियुक्त कर दिया है।

बड़ा भक्त माल मंदिर के महंत अवधेश कुमार दास ने कहा कि जिसको अखाड़े का ज्ञान ना हो संप्रदाय का ज्ञान ना हो उसको महंत कैसे बनाया जा सकता है अयोध्या की गरिमा को बचाने का समय है उन्होंने आरोप लगाया कि परमहंस दास ठाकुर जी की संपत्ति को बेच करके अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूर्ण करेंगे। खाक चौक व संकट मोचन हनुमान किला के महंत परशुराम दास ने कहा की आचार्य पीठ को बचाने के लिए तेरा भाई त्यागी 14 भाई महा त्यागी और तेरा भाई डांडिया के देशभर के सभी संतो को बुला करके इस को बचाने का कार्य किया जायेगा उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर 2021 में इस्तीफा दे चुके है।

महात्यागी सीतारामदास कि कि हमारे घर में जबरदस्ती खुश रहे हम इसको तन मन धन से बचाएंगे। राम वल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास ने कहा कि जब से राम लला का निर्णय आया तब से अयोध्या की जमीन आसमान छू रहे है और कुछ भेज भारी इसमें आ गए हैं वही अराजकता फैला रहे है और स्क्वायर फीट में जमीनों को ना करें ऐसे लोगों के खिलाफ न्यायालय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को दिया जाए। दशरथ राज महल के महंत बिंदुगद्याचार्य स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य के प्रतिनिधि मंगल पीठाधीश्वर कृपालु राम भूषण दास ने कहा कि इस सिद्ध पीठ पर ऐसे महापुरुष को बनाया उसकी गरिमा बनाए रखें। नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास ने संत परंपरा तब बचेगी जब हम सक्रिय रहेंगे। उन्होंने कहा कि एक लिखित निर्णय होगा जो ट्रस्ट ने लिया है जिसके साथ हम जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से मिले और प्रधानमंत्री गृहमंत्री को पेश करें तभी बैरागियों की परंपरा बचेगी नहीं तो सब फाइव स्टार होटल बन जाएंगे।

सभी संतो महंतों ने अपने विचार रखे और सभी ने दिलीप दास का समर्थन किया। संचालन कथा कुंज के महंत रामानंद दास ने किया। नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास मंगल पीठाधीश्वर कृपालु राम भूषण दास बड़ा भक्तमाल के महान अवधेश कुमार दास दिगंबर अखाड़ा के महंत सुरेश दास गोंडल पीठाधीश्वर अभय दाता हनुमान मंदिर के महंत जयराम दास रामकथा कुंज के महंत ट्रस्टी रामानंद दास रंगमहल के महंत रामशरण दास महंत परशुराम दास महामंडलेश्वर गिरीश दास तपस्वी छावनी के पुजारी ओमप्रकाश दास महंत मनीष दास सीतारामदास महत्यागी महंत अंगद दास महंत रामशरण रामायण वेद मंदिर के महंत ट्रस्टी राजेंद्र दास हनुमत सदन के महंत अवध किशोर शरण महंत उद्धव शरण करतलिया बाबा आश्रम के महंत बाल योगी रामदास महंत सच्चिदानंद दास संत एमबी दास सहित सैकड़ों संत उपस्थित रहे।

## बिटिया की शादी के लिए पाई पाई जोड़ कर पिता ने की थी तैयारी,सेंध लगा कर चोरों ने की सफाई

गोंडा । धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जानकी नगर विशुनपुर माफी में बीती रात मोहम्मद हुसैन खां के घर के पीछे की दीवाल में चोरों ने सेंध लगा कर चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। सुबह बाथरूम के लिए जब मोहम्मद हुसैन घर के पीछे गए तो उन्हें चोरी होने की जानकारी हुयी, बड़ा नुकसान होने के सदमे से वहीं गश खा कर गिर गए, उसके बाद परिजन इकट्ठा हुए अंदर जा कर देखा तो घर में रखा सामान गायब था, उसके बाद मोहम्मद हुसैन ने चोरी होने की लिखित सूचना दे कर बताया की धान गेहूं बेच कर उन्होंने करीब साठ हजार रूपये नगद मिले थे रविवार को बैंक बन्द होने की वजह से घर में ही रखा हुआ था, उसके साथ बक्से में रखा सोने चादी के जेवरात जिनकी कीमत करीब चार लाख रूपये थी इसके साथ शादी के कीमती कपड़े भी चोर उठा ले गए है। प्राप्त सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर जा कर छानबीन की तो घर से कुछ दुरी पर गन्ने की खेत में टूटा हुआ बक्सा पाया गया, मोहम्मद हुसैन ने बताया की उसके बाद थाने पर आने की बात कह कर पुलिस लौट गयी, थाना प्रभारी ने बताया की चोरी होने की सूचना मिली है शिनाख्त लगा कर शीघ्र की चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## एक किलो चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

फिरोजाबाद । थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को एक किलो नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस के सोशल मीडिया सेल ने अवगत कराया है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्घ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त जसवंत पुत्र यादराम सिंह को रामकुमार अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया गया है । तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक किलो नाजायज चरस बरामद हुआ है । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना उत्तर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।पकड़े गए अभियुक्त का नाम जसवंत सिंह पुत्र यादराम सिंह नि0 बघेल कालोनी किराए का मकान थाना उत्तर स्थायी पता ग्राम पाडम थाना जसराना जिला फिरोजाबाद है.

# निरीक्षण के दौरान शिक्षक की भूमिका में दिखे डीएम

## राजकीय आश्रम पद्वति "मॉडल" विद्यालय हाजीपुर बरसेण्डी के बच्चों से किया संवाद

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने शिक्षक दिवस को देर शाम तक पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्वति ''मॉडल'' विद्यालय हाजीपुर बरसेण्डी अयोध्या का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों एवं शिक्षकों से संवाद स्थापित कर विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता व बच्चों के शैक्षिक स्तर को परखा तथा विद्यालय में साफ सफाई, भोजन की गुणवत्ता, बच्चों के खेलकूद एवं रहने, सोने व पढ़ने आदि हेतु उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी बच्चों के सामने एक शिक्षक की भूमिका में दिखे। उन्होंने कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के प्रत्येक कक्षा के बच्चां से एक–एक करके हिन्दी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान की पुस्तकों को पढ़वाकर उनके पढ़ने व अधिगम व शैक्षिक स्तर की स्थिति को जाना तथा कक्षा 10, कक्षा 11 व कक्षा 12 के बच्चों से जीव विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान आदि विषयों से सम्बंधित प्रश्नों को ब्लैक बोर्ड पर हल कराकर व चित्र बनवाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने बच्चों को विद्यालय के अनुशासन का पालन करते हुये आपस में मिल जुलकर खूब मेहनत से पढ़ने हेतु प्रेरित किया। बच्चों को सभी विषयों की पुस्तकों का नियमित अध्ययन करने व हिन्दी एवं अंग्रेजी की रीडिंग में सुधार लाने को कहा। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों को शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु टिप्स प्रदान किया। उन्होंने समस्त कक्षाओं के बच्चों को विषयवार उनके शैक्षिक स्तर के अनुसार विभाजित कर लेबल वाइज लर्निंग प्रदान करते हुये उन्हें उनकी कक्षा के शैक्षिक स्तर के अनुरूप लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर को नियमित साफ– सुथरा रखने तथा खेल के मैदान में घास को तत्काल मशीन से कटिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को शीघ्र अति शीघ्र विद्यालय में कम्प्यूटर कक्षाओं व लैब का संचालन प्रारम्भ करने, बच्चों हेतु पुस्तकालय का बेहतर संचालन व पर्याप्त पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, प्रोजेक्टर युक्त स्मार्ट कक्षा चलाने तथा उसके लिए पर्याप्त रीडिंग मेटैरियल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को खेलकूद सामाग्री, फुटबाल, वालीबाल, बैडमिंटन आदि तत्काल उपलब्ध करने हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया।

मेस व बच्चों के आवासीय परिसर का लिया जायजा –जिलाधिकारी द्वारा मेस व बच्चों के आवासीय परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा दाल, चावल, तेल, मसाले आदि की क्वालिटी तथा मेस की सफाई की स्थिति को देखा। उन्होंने मेस को और साफ सुथरा रखने के निर्देश दिये। भवनों की रंगाई–पुताई कराने, शौचालय के टूटे दरवाजे को ठीक करानेध बदलने, परिसर में नियमित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, आलमारी की पेटिंग कराने तथा बच्चों के आवासीय कक्षों को नियमित साफ–सुथरा रखने के साथ ही सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सभी सुविधाओं को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से बच्चों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि विद्यालय में बच्चों के निर्धारित संख्या 480 के सापेक्ष 350 बच्चें पंजीकृत है। विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में बनाने हेतु चयनित किया गया है। जिलाधिकारी ने क्षमता के अनुरूप बच्चों का पंजीयन सुनिश्चित करने व शत प्रतिशत पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर ढंग से सद्प्रयोग किया जाय। विद्यालय में ही प्रिंसिपल व वार्डेन रात्रि आवास करें।

## रामलला के गर्भगृह के चारों तरफ लग रहा पिंक स्टोन

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय ने .श्रीराम लला के गर्भगृह की नई तस्वीरें ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज से जारी की है। तस्वीरों में गर्भ गृह के चारों तरफ लग रहे पिंक स्टोन व उस पर उभरी बेहद खूबसूरत कृलाकृति दिख रही है। गौरतलब है कि श्री रामलला के मंदिर के प्लिंथ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके बाद गर्भगृह का काम तेजी के साथ हो रहा है। मंदिर निर्माण की प्रगति को सार्वजनिक करने के उद्देश्य से ट्रस्ट समय–समय पर वीडियो और फोटो जारी कर रहा है। सोशल मीडिया के जरिए भी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंदिर निर्माण की प्रगति के चार फोटो सांझा की हैं। बताया जा रहा है कि इसी निर्माण के बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक भी आहूत की गई है। ट्रस्ट की बैठक हर तीसरे महीने होती है। इस बार यह बैठक 11 सितंबर को होगी। बैठक में राम मंदिर के साथ रामजन्मभूमि परिसर में प्रस्तावित योजनाओं पर मंथन किया जाएगा।

## नहर मे कूदी विवाहिता, गोताखोर कर रहे तलाश

सोहावल–अयोध्या । रौनाही थाना क्षेत्र के चिर्रा गाँव की वाफिया बानो पत्नी मोहम्मद जाहिद उम्र लगभग 30 वर्ष का सुबह शारदा सहायक नहर में कूद जाने की सूचना पुलिस को मिली। घटना की सूचना पर पहुंचे एस आई अमित कुमार को दुपट्टा कपड़ा और चप्पल मिला। परिजनों की पुष्टि होने पर उच्चाधिकारियों से मामले से अवगत कराते हुये गोताखोरों की मदद से तालाश करने के बाद भी उक्त महिला को ढूंढ पाने में सफलता नहीं मिली।एस आई अमित कुमार ने बताया कि वाफिया बानो की शादी दो साल पहले मिल्कीपुर क्षेत्र के मजनाईं निवासी मोहम्मद जाहिद से हुई थी। लगभग डेढ़ साल से बीमारी के कारण इलाज के दौरान दो सप्ताह पहले चिर्रा गांव स्थित मायके आई थी। सुबह तीन बजे घर से निकलने के बाद परिजनों ने तालाश शुरु की। पुलिया पर कपड़े और चप्पल पाये जाने पर नहर में डूबने की आशंका के कारण तालाश की जा रही है।

## होटल में युवक की मौत, फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

फिरोजाबाद ।दक्षिण थाना क्षेत्र में एक युवक का शव शहर के एक होटल में फंसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गयी ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है. मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक का नाम आकाश पुत्र सुरेश चंद्र उम्र 25 साल है जो कि उत्तर कोतवाली के रहना क्षेत्र का रहने वाला है.आकाश की दक्षिण थाना क्षेत्र में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान भी है ।थाना दक्षिण क्षेत्र के होटल गोल्डन टॉवर में इस युवक का शव कमर नंबर 103 मर फांसी के फंदे पर लटका मिला ।होटल प्रशासन ने पुलिस को बताया कि यह युवक कल रात में ठहरने के लिए आया था और उसने बताया था कि उसके परिजन तीर्थ यात्रा पर गए है लिहाजा वह अकेला होने के कारण इस होटल में ठहरना चाहता है.उसे कमरा नंबर 103 दे दिया गया।

सुबह जब वह नही उठा तो उसके कमरे के दरवाजे को खटखटाया गया फिर भी कोई जबाब न आने पर फाइबर की सीट हटाने पर देखा तो आकाश का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था ।होटल प्रशासन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी.मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घटना के संबंध में मृतक के परिजनों और होटल के कर्मचारियों से पूछताछ की साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा.इस संबंध में सीओ सिटी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंसी के फंदे पर लटका मिला है पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# राष्ट्रीय पोषण माह के सफल आयोजन के संबंध में बैठक संपन्न

## 1सितंबर से 30 सितंबर तक मनाया जायेगा राष्ट्रीय पोषण माह, प्रतिदिन आयोजित किए जाएंगे सुपोषण पर आधारित गतिविधिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। कुपोषण मुक्त भारत बनाने के लिए 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय पोषण माह में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के साथ–साथ स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग,शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अहम भूमिका है। पोषण माह के दौरान प्रतिदिन विभिन्न पोषण से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ साथ सभी ग्राम पंचायतों में पोषण पंचायत का गठन किया जाएगा जिसकी अध्यक्ष महिला ग्राम प्रधान अथवा ग्राम सभा द्वारा नामित महिला सदस्य होगी। पोषण पंचायत के सदस्यों द्वारा कम वजन के शिशु,सैम,मैम व गंभीर अल्प वजन के बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा एवं पोषण श्रेणी के स्तर में बदलाव पर नजर रखी जाएगी। पोषण पंचायत द्वारा अनुपूरक पुष्टाहार की गुणवत्ता एवं उसकी नियमित वितरण पर निगरानी रखी जाएगी।

बैठक में यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि 12 सितंबर को पूरे जनपद में हैंडवाश गतिविधि एवं स्वच्छता शपथ का आयोजन किया जाएगा, 13 सितंबर को प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल जनित बीमारियों के प्रति जागरूकता बैठक का आयोजन किया जाएगा। 15 सितंबर को समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन, 23 नवंबर को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर एनीमिया दूर भगाओ एवं गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन, 25 नवंबर को आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को एवं महिलाओं के साथ योगा, 26 नवंबर को पोषण वाटिका का निर्माण एवं पौधरोपण, 27 नवंबर को जनजाति क्षेत्र में स्थानीयध्परंपरागत खाद्य पदार्थों के आधार पर रेसिपी प्रतियोगिता आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य द्वारा सभी गतिविधियों को समय पर अच्छी तरह से आयोजित किए जाने, जन जागरूकता की गतिविधियां आयोजित किए जाने का निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर कुपोषित बच्चों को चिह्नांकित करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष रूप से फोकस किए जाने, थारू जनजाति क्षेत्र में विशेष रुप से फोकस किए जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग दिये गये जिम्मेदारियों का अच्छी तरह से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद पाठक, जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह, समस्त सीडीपीओ व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## चौबीस घंटे में पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

मिल्कीपुर अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावा सूफी गांव में बीते रविवार की रात हुई चोरी की घटना का खंडा को पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। खंडासा पुलिस ने चोरी में लिप्त अभियुक्त को सुबह तकरीबन 9:00 बजे पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामनगर से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर चुराया गया सामान भी बरामद हो गया। पंजीकृत मुकदमे में धारा 411 की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया। ज्ञात हो कि रविवार रात रामनगर अमावा सूफी गांव निवासी कमलेश कुमार के घर का ताला तोड़कर चोरों ने जेवरात व राशन पार कर दिया था । अमावा सूफी गांव निवासी अभियुक्त महेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ के बाद चुराया गया जेवरात लगभग 1 किलोग्राम चांदी व 5 ग्राम सोना एवं 4 बोरी गेहूं पुलिस ने बरामद कर लिया। और मुकदमे में आईपीसी की धारा 411 की बढ़ोतरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया। हालांकि गेहूं की भरी बोरियों को अकेला चोर तकरीबन 300 मीटर दूर अपने घर तक कैसे लेकर गया यह ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है।



धानेपुर बाजार में गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकालने के बाद कस्बा के बगल में स्थित बिशुही नदी में प्रवाहित किया गया। दैनिक बुद्ध का संदेश

# विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था को लेकर बैठक सम्पन्न







दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारीध्सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद उत्तर प्रदेशएस0वी0एस0 रंगाराव की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश एस0वी0एस0 रंगाराव का जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी का स्वागत किया गया। इसके पश्चात सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद उत्तर प्रदेशध्नोडल अधिकारी की अनुमति से जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा जनपद के विकास कार्यो व अन्य महत्वपूर्ण विन्दुओं पर माह मई से जुलाई तक उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री समूह द्वारा किये गये निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर प्रत्येक विन्दुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध करायी गयी। सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद उत्तर प्रदेशध्नोडल अधिकारी द्वारा पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुये थानो पर आने वाले शिकायतकर्ताओं से पुलिस द्वारा अच्छा व्यवहार किया जाये और समय से उनकी समस्याओं का निस्तारण करायें एवं एस0एस0बी0 प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि आम जनमानस से शिकायत प्राप्त



हो रही है कि आप लोगों द्वारा नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा है आम जनमानस के प्रति अपना व्यवहार मृदुल करें। पशुपालन विभाग को निर्देश दिया कि सभी निराश्रित गोवंश के लिए अस्थाई गोशाला का निर्माण कराया जा रहा है वहां पर हरा चारा, भूसा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि ग्रामीणध्शहरी क्षेत्रों में जो फाल्ट बिजली सप्लाई में हो रही है उसका शीघ्र ही निस्तारण कराया जाये। जिला मुख्यालय, ग्रामीणध्शहरी क्षेत्रों पर रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति किया जाये। प्रधानमंत्री निःशुल्क अन्न योजना के तहत लाभार्थियों को पारदर्शी तरीके से खाद्यान्न का वितरण किया जाये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाने में तेजी लाया जाये जिससे लाभार्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। कोविड टीकाकरण शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाये। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का समय–समय पर स्वास्थ्य की जांच कराया जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी को सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं ग्राम सचिवालय जो अपूर्ण हैं उनको पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद उत्तर प्रदेशध्नोडल अधिकारी द्वारा द्वारा अभ्युदय योजना, छात्रवृत्ति, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नीति आयोग, आई0जी0आर0एस0 आदि विन्दुओं की समीक्षा किया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विनोद कुमार अग्रवाल, प्राचार्य, मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर डॉ0 ए0के0झा, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, डी0सी0 मनरेगा संजय शर्मा, उपायुक्त स्वतः रोजगार योगेन्द्र लाल भारती, परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 राहुल गुप्ता, दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी एजाजुल हक व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके पश्चात सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद उत्तर प्रदेशध्नोडल अधिकारी द्वारा जिला अस्पताल में स्थापित आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया गया। स्थापित आक्सीजन प्लांट की उत्पादन क्षमता एवं वितरण व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया।

## फैजल मुझे घुमाने के लिए लेकर आया,सावधान लड़कियो के पीछे पड़े मानव तस्कर

### नई दिल्ली से लड़की को लेकर नेपाल जाने के फिराक मे युवक गिरफतार

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी खुनुवा के जवानों व मानव सेवा संस्थान के वालंटियर सोनम मोदनवाल, किरन व सहायक उपनिरीक्षक दिपांकर मंडल, आरक्षीध्सामान्य मुश्ताक अहमद दार, आरक्षीध्सामान्य ज्ञानेश्वर नारायण पाटिल व आरक्षीध्सामान्य नगेंद्र कुमार जो कि सीमा स्तंभ संख्या 556ध्53, चेक पोस्ट ड्यूटी पर तैनात थे एवं आने–जाने वाले नागरिकों से पूछ–ताछ व सामानों को चेक कर रहे थे तभी चेक पोस्ट पार्टी को सूचना मिली कि एक युवक जो लाल सर्ट एवं काला पैंट पहने हुए है और देखने में नाबालिक प्रतीत हो रहा है, लड़की जो नीलें रंग की कुर्ती और नीले रंग की जींस पहनी हुई है चेक पोस्ट के रास्ते भारत से नेपाल में दाखिल होने कि फिराक में है जो प्रथम दृष्टिया संदिग्ध प्रतीत हो रहे थे। कुछ समय के पश्चात एक युवक व नाबालिक लड़की चेक पोस्ट के नजदीक आए और मानव सेवा संस्थान सेवा,एनजीओ के सदस्यों सोनम मोदनवाल, किरन कि मदद से उक्त दोनों को रोका गया और प्राथमिक पूछ–ताछ के दौरान नाबालिक लड़की ने अपना नाम कंचन पुत्री आंनद उम्र 17वर्ष (लगभग) स्थायी पता निवासी दरवा जिला मैनपुरी,उ०प्र० अस्थाई पता मंगोलपुरी खुर्द, (वाई) ब्लाक रोहिणी (नई दिल्ली) पिन कोड–110086बताई तथा साथी युवक से पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम फैजल मोहम्मद पुत्र सफीम मोहम्मद उम्र 21 वर्ष (लगभग) निवासी गौरा बाजार,थाना चिल्हिया



जिला–सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश बताया उसके बाद नाबालिक लड़की और युवक से सीमा पार होने का कारण पूछा गया तो उक्त दोनों के द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पूछताछ के दौरान मामला संदेहास्पद प्रतीत हुआ इसकी सूचना एचटीयू सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी व एएचटीयू सिद्धार्थ नगर को दिया गया। सूचना उपरांत दोनों टीमें मौके पर पहुंची और दोनों को अलग–अलग कर पूछताछ करना आरंभ किया। फैजल ने बताया कि उक्त नाबालिक लड़की के साथ उसके घर में किराए पर रहता था और उसे लगभग 8 महीने से जानता हूं लड़की के घर वालों को बिना बताए मंगोलपुरी खुर्द ,वाई ब्लॉक जिला–रोहिणी नई दिल्ली ,पिन 110086 से झांसा देकर अपनी बुआ के घर नेपाल पता अज्ञात साथ लेकर जा रहा था लड़की ने बताया कि फैजल मुझे घुमाने के लिए लेकर आया था और नेपाल जाने की बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं और मुझे मेरे घर वालों के पास भेज दिया जाए मैं इसके साथ नहीं रहना चाहती गहन पूछताछ से ज्ञात होता है कि यह लड़की मानव तस्करी की शिकार हो सकती है। त्वरित कार्यवाही के उपरांत उक्त नाबालिक लड़की को मानव तस्कर के चंगुल से बचाया गया। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा मानवाधिकार आयोग के तमाम दिशा निर्देशों का क्रमशः पालन करते हुए लड़की नाम कंचन तथा युवक नाम फैजल को सही सलामत एएचटीयू सशस्त्र सीमा बल, मानव सेवा संस्थान सेवा एनजीओ कि उपस्थिति में अग्रिम कार्यवाही हेतु एएचटीयू उत्तर प्रदेश पुलिस सिद्धार्थ नगर को सौप दिया गया। इस दौरान चेक पोस्ट पार्टी सहायक उपनिरीक्षक दीपांकर मंडल,आध्सा– मुस्ताक अहमद दार,आ.ध्सा.ज्ञानेश्रवर नारायण पाटिल,आ.ध्सा.नागेंद कुमार,एचटीयू एसएसबी 66वधी वाहिनी निरीक्षक स.विपण शर्मा, स.उप.नि.स.–परितोष सिन्हा, आ. महिला –प्रीति साहू, आ.महिला –कृति देवी, मानव सेवा संस्थान श्सेवाश्एनजीओ के प्रमोद कुमार चौधरी, सोनम मोदनवाल, किरन, एएचटीयू सिद्धार्थनगर निरीक्षक –बृजेश सिंह, आ.सा–गंगेश सिंह व सुपुर्दकर्त्ता सहायक कमांडेंट विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

## विश्व की सबसे बड़ी उद्यमी रेल यात्रा में शामिल होंगे उसका के मनीष

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। मनीष कुमार जायसवाल विश्व की सबसे बड़ी एवं प्रतिष्ठित आवासीय रेल जागृति यात्रा में सम्मिलित होकर देश के कई प्रांतों का भ्रमण करेंगे। बताते चलें कि मनीष स्थानीय नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी अनिल कुमार जायसवाल के



पुत्र हैं। जागृति यात्रा में उनके चयन से परिजनों व शुभचिंतकों में खुशी माहौल है।लोग उनके मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएँ ज्ञापित कर रहे हैं।बकौल मनीष ने बताया कि हमें तो यकीन ही नहीं था कि हमारा चयन इस जागृति यात्रा में होगा। लगभग 18000 आवेदको के बीच से चयन सूची में मुझे शामिल किया जाना परम सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि सबका चयन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, साक्षात्कार , व्यापार उद्योग समाज में इनके उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर किया गया है।गौरतलब है कि उद्यम से राष्ट्र निर्माण का उद्देश्य लेकर चलने वाली 15 दिवसीय इस जागृति यात्रा में देशभर के विख्यात वक्ता जुड़ेंगे। निष्पादन–उन्मुख पहल और एक गतिशील समूह का संगम इस यात्रा में होगा। प्रेरित, नवाचार करने के उद्देश्य से जागृति यात्रा परिवर्तन करने वालों, नेतृत्वकर्ताओं, समस्या–समाधानकर्ताओं और नव प्रवर्तनकर्ताओं का एक संगम है। यह कृषि, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, हस्तशिल्प और परिधान,महिला सशक्तीकरण और शहरीकरण व राष्ट्र–निर्माण को उद्यमशीलता के साथ जोड़ने के विषयों पर केंद्रित है।कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए मनीष ने बताया कि आगामी 24 दिसंबर से शुरू होने जारही पंद्रह दिवसीय यह यात्रा 8 जनवरी को संपन्न होगी। मुंबई से शुरू होने वाली मेरे जीवन की यह अद्वितीय रेल यात्रा विशाखापत्तनम, श्रीसांई सिटी, कन्याकुमारी, बंगलुरु आदि राज्यों से होते हुए लगभग 8000 किलोमीटर की दूरी तय कर पुनः मुंबई में वापस आकर समाप्त होगी। उसका नगर के होनहार युवा मनीष ने बताया कि इसमें पूरे विश्व से 450 युवक–युवतियां को उद्यमी यात्रा में शामिल होने का मौका मिला है,जिनमे एक लकी मैं भी हूँ। जागृति यात्रा के लिए चयनित इस युवाओ को यात्रा के दौरान अपने जज्बे व मेहनत से विकास की नई इबारत लिखने वाले युवा उद्यमियों से भी रूबरू होने का मौका मिलेगा।

## निपुण भारत मिशन प्रशिक्षण के तीसरे चक्र का हुआ समापन

### निपुण लक्ष्य को समय से पूर्ण करे शिक्षक:बीइओ जोगिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया/सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण भारत मिशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। परिषदीय स्कूलों के सभी बच्चों को निपुण बनाने के लिए शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता और गणितीय ज्ञान पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। ब्लॉक संसाधन केंद्र जोगिया में खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर विक्रम पाण्डेय के द्वारा सभी को संबोधित करते हुए कहा गया प्रशिक्षण के उपरांत अपने विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम को पूर्ण निष्ठा के साथ लागू करना है जिससे ससमय निपुण के उद्देश्यों को पूर्ण किया जा सके। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 2026–27 तक तीन वर्ष से लेकर नौ वर्ष तक के बच्चों को बेहतर समझ और संख्यात्मक ज्ञान के साथ पढ़ाई में प्रवीणता के लिये यह राष्ट्रीय पहल है। इसका लक्ष्य बालवाटिका, कक्षा एक, दो और तीन तक के बच्चों को निपुण बनाना है। प्रशिक्षक प्रमोद



त्रिपाठी अजय श्रीवास्तव अनुपम सिंह शशिकांत त्रिपाठी देवेंद्र त्रिपाठी के द्वारा विभिन्न सत्रों में निपुण भारत मिशन, सीखने के सिद्धांत, भाषा व गणित शिक्षण की कार्योजना डिकोडिंग शिक्षक संदर्शिका, कार्यपुस्तिका आंकलन और उपचारात्मक शिक्षण आदि के बारे में बताया गया। इस सम्बंधा में गतिविधियां भी कराई गई। ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभागार में 50–50 के दो बैच में शिक्षकों का प्रशिक्षण चल रहा है इस दौरान उनको सुबह शाम चाय नाश्ता के साथ दोपहर का भोजन भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का प्रवेक्षण सीमैट प्रयागराज के द्वारा भी ऑनलाइन मोड में किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षक पंकज राय गौरव पांडे मनीष दुबे आशीष त्रिपाठी पतंजलि मिश्र प्रदीप पांडेय सम्राट पाठक अनंतदीप यादव दुर्गेश शाक्षी वर्मा आकांक्षा नीतू सिंह अंकिता राय रूपा तोमर प्रीति शुक्ला नेहा चौधरी बालबहादुर पांडे जितेंद्र वर्मा पंकज सिंह आदि शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# सम्पादकीय

**भारत की जल–सीमाओं को तो यह पोत अब सुरक्षित करेगा ही अब हिंद महासागर में बाहरी राष्ट्रों की दादागीरी को भी नियंत्रित करने में इसका सशक्त योगदान होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी के सामुद्रिक शौर्य को याद करके भारतीय युद्ध –प्रतिभा का सिक्का दुनिया के सामने ...**

## समुद्र में भारत का डंका



भारत की नौसेना ने आइएनएस विक्रांत नामक विमानवाहक पोत को समुद्र में उतारकर सारी दुनिया में भारत की शक्ति का डंका बजा दिया है। भारत के पास पहले भी एक विमानवाहक पोत था लेकिन वह ब्रिटेन से लिया हुआ था लेकिन यह विमानवाहक पोत खुद भारत का अपना बनाया हुआ है। इस समय ऐसे पोतों का निर्माण गिनती के आधा दर्जन देश ही कर पाते हैं। उन्हें सारी दुनिया महाशक्ति राष्ट्र ही कहती है। भारत के इस विक्रांत ने उसे अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी की तरह महाशक्ति राष्ट्रों की श्रेणी में ला खड़ा किया है। यह उपलब्धि उतनी ही बड़ी है, जितनी अटलबिहारी वाजपेयी के जमाने में हुई परमाणु विस्फोट की थी लेकिन इसमें और उसमें इतना फर्क है कि पोखरन के उस विस्फोट के समय लगभग सभी परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बुरी तरह से बौखला गए थे और पाकिस्तान भी भारत की नकल पर उतारु हो गया था लेकिन अब न तो कोई महाशक्ति बौखलाई है और न ही पाकिस्तान इस स्थिति में है कि वह विक्रांत की तरह अपना कोई विमानवाहक पोत अगले कई दशकों में खड़ा कर सके। भारत को मिले इस गौरव के लिए हमारे इंजीनियरों, विशेषज्ञों, फौजियों, सरकारी और सैकड़ों निजी कंपनियों को इसका श्रेय है लेकिन आश्चर्य है कि इसका श्रेय लेने के लिए भाजपा ओर कांग्रेस के नेता आपस में खींचातानी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत की अपूर्व उपलब्धि बताया, यह ठीक ही है। उनके कार्यकाल में वह बनकर तैयार हुआ तो वे उसका विमोचन नहीं करते तो कौन करता? यह किसी व्यक्ति–विशेष की नहीं, भारत की उपलब्धि है। इस पोत के निर्माण में हमारे सैकड़ों अफसरों ने ब्रिटेन जाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह कई दशकों के प्रयत्न से बनकर तैयार हुआ है। इसके निर्माण के दौरान 40,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है। इसमें 1500 टन स्टील लगा है। इस पोत पर 30 विमान तैनात किए जा सकते हैं। इसमें 1600 कर्मचारी होंगे। इसके निर्माण में 20 हजार करोड़ रु. खर्च हुए हैं लेकिन इसका 85 प्रतिशत पैसा भारत में लौट आया है। यह ठीक है कि अमेरिका, चीन और ब्रिटेन जैसे देशों के पास इससे भी काफी बड़े विमानवाहक पोत हैं लेकिन भारत में तो अभी इसका शुभारंभ हुआ है। इससे अन्य फौजी उपकरण भारत में बनाने का जो उत्साह पैदा होगा, उसकी कल्पना हम कर सकते हैं। विक्रांत पोत हमारे राष्ट्रीय आत्मविश्वास को सुदृढ़ बनाने में विशेष योगदान करेगा। भारत की जल–सीमाओं को तो यह पोत अब सुरक्षित करेगा ही अब हिंद महासागर में बाहरी राष्ट्रों की दादागीरी को भी नियंत्रित करने में इसका सशक्त योगदान होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी के सामुद्रिक शौर्य को याद करके भारतीय युद्ध–प्रतिभा का सिक्का दुनिया के सामने जमाया। उन्होंने एक और महत्वपूर्ण काम किया। वह यह कि हमारे नौसेना के ध्वज से ब्रिटिश प्रतीक चिन्ह श्क्रास ऑफ सेंट जा?र्जच्य को हटवाकर उसकी जगह शिवाजी के अष्टकोणीय प्रतीक के साथ श्शं नो वरूणरूच्य वेदमंत्र भी जड़वा दिया। जैसे कभी हमारे राष्ट्रपति भवन से श्यूनियन जैकच्य की जगह तिरंगा लहराया था, वैसी ही एतिहासिक भूल सुधार यह किया गया है।

## ट्रंप, पुतिन, शी, राजपक्षे जैसों से वैश्विक राहुकाल!

हरिशंकर व्यास

मुझे लगता है पूरी दुनिया बुरे राहु काल में फंसी है। हर तरफ मूर्ख, अकड़ू और कट्टर नेताओं को सत्ता मिली हुई है या मिल रही है। न डेमोक्रेटिक देश अपवाद हैं और न तानाशाह देश। नौ बड़े अमीर देशों पर गौर करें। अमेरिका में राष्ट्रपति बाइडेन के आगे कट्टरपंथी गोरों के बल पर डोनाल्ड ट्रंप भारी चुनौती हैं। बाइडेन ने गुरूवार को कहा कि अमेरिकी लोकतंत्र श्मेगा फोर्सेस्च्य से खतरे में है। मतलब डोनाल्ड ट्रंप के सपोर्टरों का श्मेक अमेरिका ग्रेट अगेनच्य का हल्ला अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा है। ये लोग देश को पीछे ले जाना चाहते हैं। सचमुच में डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी पर कब्जा बना कर उस पार्टी को उग्रवादी और सेमी फासिस्ट बनाते हुए हैं।

ऐसा यूरोप में भी होता हुआ है। मैक्रों वापिस राष्ट्रपति बने लेकिन संसद में कट्टर व एक्स्ट्रिम सांसदों का बोलबाला है। मेरा मानना है यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद यूरोपीय संघ ने जिस एकजुटता से रूस के खिलाफ गोलबंदी की है तो वह यूरोप में टकराव को स्थायी बनाना है। ब्रिटेन में लिज ट्रस प्रधानमंत्री बनीं तो उनसे वैसी ही अनिश्चितता और परेशानी बनेगी, जैसे जर्मनी में ओलाफ स्कोल्ज की कमान में है। स्कोल्ज उदार हैं, सोशल डेमोक्रेट हैं लेकिन हड़बड़ाए हुए हैं। तभी सर्दियों में जर्मनी सर्वाधिक बुरी दशा में होगा।

अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस के बाद इटली राजनीतिक अस्थिरताओं का मारा है तो जापान और कनाडा में सब ठीक होते हुए भी दोनों देश अमेरिका और यूरोप की दशा से दबावों में हैं। इन सात के बाद आर्थिकी के नाते चीन और रूस पर गौर करें तो एक तरफ पुतिन का निरंकुश, कट्टर और अकड़ू मिजाज का राज हैं। वहीं चीन के राष्ट्रपति शी जीनफिंग का रूख न केवल राक्षी है बल्कि आत्मघाती भी है। कोविड और विकास रेट तथा ताइवान को लेकर राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने जैसा कट्टर और अकड़ू रवैया अख्तियार किया है उससे चीन का अपने आप बरबादी का रास्ता बनता हुआ है। फिर आए भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका पर। क्या कहूं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति बोल्सोनारो और राष्ट्रपति रामफोसा पर जितना बताया जाए कम होगा। आप खुद ही समझें। जो हो, आने वाले सालों में देशों की आर्थिकियों, मंदी, बेरोजगारी, लड़ाई और देशों की सेहत तथा उनके बिगडने–बिखरने में वह कुछ होना है, जिसकी हम और आप कल्पना ही कर सकते हैं।

## सिलिकॉन सिटी के कर्मी बुलडोजर पर

**पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया खुद अनेक मुकदमें झेल रही हैं और बीमार हैं। उनके परिवार के सदस्य देश छोड़ कर भागे हुए हैं। कट्टरपंथियों के काबू में करने के नाम पर सैकड़ों लोगों को फांसी पर चढ़ाया गया है। हसीना आर्थिक मोर्चे पर ठीक काम कर रही हैं लेकिन वे व्यवहार में लोकतांत्रिक नेता नहीं हैं, बल्कि वे एक तरह की लोकतांत्रिक तानाशाही चला रही हैं, जहां विपक्ष का कोई मतलब नहीं है। सो, लगभग ...**



कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू को देश की सिलिकॉन सिटी कहा जाता है। यह नाम अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के इर्द–गिर्द फैली सिलिकॉन वैली की तर्ज पर दिया गया है। अमेरिका की सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले इस इलाके में 30 हजार से अधिक छोटी–बड़ी कंपनियां हैं। एप्पल, गूगल, फेसबुक, इंटेल जैसी आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के दफ्तर यहां हैं। अमेरिका ही नहीं दुनिया की अर्थव्यवस्था पर असर डालने वाले काम इस इलाके से होते हैं। और यहां कम से कम 15 लाख लोग अलग–अलग कंपनियों में नौकरी करते हैं। अपने कर्मचारियों के लिए सिलिकॉन वैली की कंपनियां कई अनूठी सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं, जैसे गाड़ियों की मरम्मत या बाल काटने की सुविधा कई कंपनियों के परिसर में ही मौजूद हैं, कुछ कंपनियों ने दफ्तर में आराम करने और सोने की सुविधा दी हुई है, कई कंपनियां अपने कर्मचारियों के घर पर पार्टी करने की सुविधा देती हैं, तो कोई अपने कर्मचारियों के लिए इलेक्ट्रिक कार किराए पर देती हैं, ताकि उन्हें काम करने में सुविधा हो। सिक्योरिटी कैमरा कंपनी ड्रॉपकैम के बारे में तो खबर थी कि वह अपने दफ्तर में काम करने वाले लोगों को हेलीकाप्टर में मुफ्त सैर का मौका भी देती है। अमेरिका की सिलिकॉन वैली में काम करने वाले लोग अगर हेलीकॉप्टर में उड़ान भरते दिखते हैं, तो इन दिनों भारत की सिलिकॉन सिटी बंगलुरू में काम करने वाले कई लोगों को बुलडोजर या ट्रैक्टर में सवार होकर काम पर जाते देखा गया। कारण यह कि शहर की सड़कों पर इतना पानी भर चुका है कि वहां सामान्य वाहन नहीं चल सकते। बंगलुरु में इस वक्त जैसा नजारा देखने मिल रहा है, उसके बाद ऐसा लगता है कि इस शहर को सिलिकॉन सिटी की संज्ञा देने में जरा जल्दबाजी कर ली गई है। केवल आईटी कंपनियों के होने से कोई शहर अमेरिकी इलाके की बराबरी नहीं कर सकता। इसके लिए सुनियोजित तरीके से शहर की बसाहट, अधोसंरचना का विकास और निर्माण कार्यों में ईमानदारी जरूरी है। कुछ दिनों की बारिश में बंगलुरू जिस तरह पानी–पानी हो गया है, उसमें साफ नजर आ रहा है कि इस शहर में कितनी जगहों पर भ्रष्टाचार की गहरी नींवें खोदी गई होंगी और फिर शहर का विस्तार किया गया होगा।

दो–तीन दिन से अखबारों, समाचार चौनलों और सोशल मीडिया पर पानी में डूबे, छटपटाते बंगलुरू शहर की कई तस्वीरें देखने मिलीं। कहीं सड़कों पर लंबा जाम लगा हुआ है, कहीं लोग नदियों के समान बन चुकी सड़कों पर नावों से जा रहे हैं। एयरपोर्ट पर लबालब पानी भरा है, जिस वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल–कॉलेजों की छुट्टी कर दी गई है और दो दिन तक पीने के पानी की आपूर्ति भी बाधित रहेगी। 4 सौ से अधिक घर ढह चुके हैं और दो हजार से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है। बंगलुरु के हालात संभालने के लिए सरकार ने 3 सौ करोड़ की रकम जारी करने का फैसला किया है। लेकिन भ्रष्टाचार की जो स्थिति है, उसे देखते हुए यह कहना कठिन है कि इसमें से कितने करोड़ लोगों को राहत देने में लगाए जाएंगे और कितने करोड़ नेताओं और अधिकारियों के घर की तिजोरी में जाएंगे। जब तेज बारिश लगातार होती है तो दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, गुरुग्राम जैसे तमाम शहरों का ऐसा ही हाल होता है। कहीं हालात ज्यादा बिगड़ते हैं, कहीं कम, लेकिन जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाए, इतना नुकसान तो हो ही जाता है। बंगलुरु की तरह गुरुग्राम में बारिश में टापू में होने जैसे हालात कई बार बन चुके हैं। यहां भी कई बड़ी कंपनियों का ठिकाना है। ऊंची रिहायशी इमारतें और आलीशान कार्यालय परिसर हैं। लेकिन बारिश इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों की धौंस में नहीं आती। बारिश का सीधा हिसाब है कि उसे धरती के भीतर गहरे तक जाकर समाना है, ताकि जब धरती के प्राणियों को पानी की जरूरत हो, तो धरती वह पानी अपने भीतर से उलीच सके। इस काम में नदियां, तालाब, झीलें उसकी मदद करते हैं। जब इंसान पानी के इन मददगारों पर सीमेंट की परत चढ़ाना शुरु कर देता है, तो मजबूरन पानी को फिर धरती के ऊपर आकर अपना रौद्र रूप दिखाना पड़ता है। गुरुग्राम हो या बंगलुरु, बारिश में हमें बीते बरसों में पानी का यही अवतार देखने मिला है। बंगलुरु के बारे में बताया जाता है कि यहां 204 झीलें हैं, जिनमें से करीब 180 झीलों पर अतिक्रमण किया गया है। जाहिर है यह काम सरकार की जानकारी के रहते ही किया गया होगा। लेकिन सरकार ने फिर भी इस भ्रष्टाचार की ओर ध्यान नहीं दिया। जिसका खामियाजा अब आम और खास दोनों तरह के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## तानाशाही तामझाम है, भ्रष्टाचार से लड़ाई का नारा

**पहला तो यही कि जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने, 76वें स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में साफ कर दिया, 2024 के चुनाव में विपक्ष के खिलाफ प्रचार के लिए वह दो खास हथियारों का इस्तेमाल करेंगे। पहला यह कि विपक्षी पार्टियां वंशवाद या भाई–भतीजावाद की राजनीति करती हैं। दूसरा, यह कि विपक्षी पार्टियां भ्रष्टाचार करती हैं। इन दावों की विश्वसनीयता –अविश्वसनीयता अपनी जगह, मोदी–शाह...**

राजेन्द्र शर्मा

बहरहाल, दिल्ली में संघ–भाजपा की इस मुहिम में उतार आते ही, खुद प्रधानमंत्री मोदी ने केरल की अपनी ताजा यात्रा में कोच्चि में संघ–भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, भ्रष्टाचार का राग आलापने की कमान संभाल ली। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़ने से, देश की राजनीति में एक नया ध्रुवीकरण पैदा हो गया है। भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए, उनके खिलाफ गोलबंदी हो रही है, आदि, आदि।

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाकर दिल्ली में केजरीवाल सरकार को पटखनी देने की अपनी कोशिशों में विश्वसनीयता लाने की तलाश में, संघ–भाजपा को आखिर अन्ना हजारे की सेवाएं लेनी पड़ीं। यह वही अन्ना हजारे हैं जिनको भ्रष्टाचार विरोधी लड़ाई का सबसे प्रमुख चेहरा बनाकर, यूपीए–द्वितीय की सरकार को घेरा गया था और जिस लड़ाई का सबसे ज्यादा लाभ संघ–भाजपा को 2014 के आम चुनाव में प्रभावशाली जीत के रूप में मिला था, हालांकि दिल्ली में इसका ज्यादा लाभ एक ओर अन्ना की छाया से और दूसरी ओर आरएसएस के वरदहस्त से भी अलग होकर, अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने वाले, टीम अन्ना के अरविंद केजरीवाल ग्रुप को मिला था।

कम से कम दिल्ली में, अन्ना आंदोलन से मिली भ्रष्टाचार–विरोधी छवि से लैस संघ–भाजपा और आप पार्टी के समर्थन आधार में कैसी पारस्परिकता थी, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2014 के आम चुनाव में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें भारी अंतर से जीतने वाली भाजपा को, इसके चंद महीने बाद ही हुए दिल्ली विधानसभा के चुनाव में दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से कुल तीन सीटें ही मिल सकी थीं। वास्तव में 2019 के आम चुनाव और 2020 के दिल्ली के विधानसभाई चुनाव में भी, समर्थन आधार की उसी साझेदारी के कमजोर पड़ने के बावजूद बहुत हद तक बने रहने का इशारा करते हुए, पहले वाले चुनाव का ही नतीजा, थोड़े से अंतर के साथ दोहराया गया।

बेशक, चुनावों से भिन्न राजनीतिक स्तर पर इन आठ–नौ वर्षों में एक अंतर यह भी आ चुका है कि जिस श्लोकपालश्श संस्था की मांग को केंद्र में रखकर 2013 में भ्रष्टाचार से लड़ने के नाम पर, अन्ना हजारे की अगुआई में तत्कालीन यूपीए सरकार के खिलाफ जंग छेड़ी गयी थी, उसे मोदी सरकार के 8 साल से ज्यादा के शासन में, सिर्फ संघ–भाजपा ही नहीं, उस आंदोलन में प्रमुखता से शामिल सभी पात्र लगभग पूरी तरह से भुला चुके हैंकृउस जमाने के टीम अन्ना के और अब आप पार्टी के नेता ही नहीं, खुद अन्ना हजारे भी। इसी विडंबना की चरम अभिव्यक्ति में, 8 साल के अपने शासन में ऐसी किसी भ्रष्टाचार विरोधी व्यवस्था की संभावना को, सबसे बढ़कर भ्रष्टाचार की मौजूदगी की प्रत्यक्ष से प्रत्यक्ष सचाई को झुठलाने की अपनी दीदादिलेरी के जरिए गहरे दफ्न करने वाली भाजपा, दिल्ली की केजरीवाल सरकार को कथित शराब घोटाले के अपने आरोपों से घेरने की कोशिश कर रही थी और इसके लिए एक हद तक अन्ना हजारे की मदद भी जुटाने में कामयाब रही थी। एक प्रकार से यह भारत में आयी इस भ्रष्टाचार–विरोधी श्क्रांतिश के पीछे सक्रिय ताकतों और विचारों के सिनिसिज्म का ही पूरी तरह से बेनकाब हो जाना था। यह दूसरी बात है कि केजरीवाल की दिल्ली सरकार के खिलाफ संघ–भाजपा का यह खेल, उप–राज्यपाल की संस्था तथा राजधानी की पुलिस से लेकर, सीबीआई, ईडी आदि केंद्र द्वारा नियंत्रित सभी जांच एजेंसियों तक को काम में लगाए जाने के बावजूद, अब तक नाकाम ही रहा है।

बहरहाल, दिल्ली में संघ–भाजपा की इस मुहिम में उतार आते ही, खुद प्रधानमंत्री मोदी ने केरल की अपनी ताजा यात्रा में कोच्चि में संघ–भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, भ्रष्टाचार का राग आलापने की कमान संभाल ली। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़ने से, देश की राजनीति में एक नया ध्रुवीकरण पैदा हो गया है। भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए, उनके खिलाफ गोलबंदी हो रही है, आदि, आदि।

अचरज की बात नहीं है कि आम तौर पर मीडिया में अपने खिलाफ भ्रष्ट्र की गोलबंदी के प्रधानमंत्री मोदी के उक्त दावे को, बिहार पर केंद्रित हाल के घटना विकास पर, उनकी प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया है। सभी जानते हैं कि किस तरह के हालात में नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ गठजोड़ तोड़ने और विपक्षी महागठबंधन के समर्थन से बिहार में सरकार बनाने का एलान किया था। उसके बाद से नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जदयू, बिहार में ही नहीं देश के स्तर पर भी भाजपा विरोधी विपक्ष की लामबंदी में अपनी भूमिका तलाश कर रही है। यह संयोग ही नहीं है कि कोच्चि में प्रधानमंत्री जब अपने खिलाफ सारे भ्रष्ट्र के इकठ्ठे हो जाने का दावा कर रहे थे, उसी समय तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, जो प्रधानमंत्री मोदी तथा भाजपा के मुखर विरोधी के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं, नीतीश कुमार से मुलाकात करने और विपक्ष को एकजुट करने पर चर्चा करने के लिए पटना में थे। बेशक, प्रधानमंत्री का इशारा इस गोलबंदी की ओर था। और यह तो कहने की कोई जरूरत ही नहीं है कि संघ–भाजपा पहले दिन ने, जदयू–महागठबंधन एकता को, भ्रष्टाचार और जंगलराज के लिए एकता साबित करने में लगी हुई है।

फिर भी यह संयोग ही नहीं है कि प्रधानमंत्री ने केरल पहुंचकर, अपने सभी विरोधियों को भ्रष्टाचारियों को बचाने वाले बता दिया। अपने लिए भ्रष्टाचार–विरोध का मुखौटा तैयार करने के लिए, दिल्ली के फौरन बाद केरल का यह चुनाव, अकारण ही नहीं है। लेकिन, क्या यह सच नहीं है कि विपक्ष शासित राज्यों में, केरल की एलडीएफ सरकार और दिल्ली की आप सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरने की किसी भी कोशिश की सफलता की, शायद ही कोई उम्मीद रखता होगा। फिर वहां से भ्रष्टाचार–विरोध का मुखौटा लगाने की कोशिश क्यों? इसके कारण दो हैं, जो परस्पर जुड़े हुए भी हैं।




# फाइलेरिया मरीजों को चिन्हित करने को शुरू हुआ नाइट ब्लड सर्वे अभियान

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 सितम्बर तक चलेगा अभियान

सीतापुर। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जिले में फाइलेरिया रोगियों की पहचान के लिए नाइट ब्लड सर्वे का अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान आगामी 20 सितंबर तक चलेगा। यह सर्वे शहरी सहित जिले के सभी ग्रामीण ब्लाक में किया जाएगा। एसीएमओ वेक्टर बार्न डिजीज वीबीडी डा. राजशेखर ने बताया कि फाइलेरिया के मरीजों को चिन्हित करने का काम रात में इसलिए किया जाता है क्योंकि रात के समय इसके परजीवी जिन्हें हम माइक्रो फाइलेरिया कहते हैं। वह खून में अधिक सक्रिय होते हैं। इसलिए रात में लोगों के खून के नमूने की जांच कर संक्रमण की स्थिति का पता लगाया जाता है। डा. राजशेखर ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक ब्लाक में दो क्षेत्रों से रक्त के नमूने लिए जाएंगे, एक ऐसा क्षेत्र जहां पूर्व में अधिक फाइलेरिया के रोगी पाए गये हों एवं एक रैंडम साईट ग्राम में नाईट ब्लड सर्वे का कार्य किया जाएगा। यह सर्वे 20 या 20 साल से अधिक आयु की महिलाओं एव पुरुषों के बीच ही सम्पन्न किया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी राज कुमार सारस्वत ने बताया कि प्रत्येक साईट पर रात आठ बजे से रात 12 बजे तक काम किया जाएगा एवं रक्त पट्टिकाएं बनाई जाएंगी। इनकी जांच संबंधित प्रयोगशाला में की जाएगी। नाइट ब्लड सर्वे के लिए ब्लॉकवार टीमें बनाई गई हैं।

फाइलेरिया के लक्षण ...

फाइलेरिया संक्रमित मच्छरों के काटने के बाद व्यक्ति को बहुत सामान्य लक्षण दिखते हैं। अचानक बुखार आना आमतौर पर बुखार 2–3 दिन में ठीक हो जाता है। हाथ.पैरों में खुजली होना, एलर्जी और त्वचा की समस्या, स्नोफीलिया, हाथों में सूजन, पैरों में सूजन के कारण पैर का बहुत मोटा हो जाना, पुरुषों के जननांग और उसके आसपास दर्द व सूजन होना, पुरुषों के अंडकोष व महिलाओं के स्तन में सूजन आना फाइलेरिया के लक्षण हैं।

्यऐसे करें बचाव ...

फाइलेरिया से बचाव के लिए मच्छरों से बचना जरूरी है और मच्छरों से बचाव के लिए घर के आस.पास पानी, कूड़ा और गंदगी जमा न होने दें। घर में भी कूलर, गमलों अथवा अन्य चीजों में पानी न जमा होने दें। सोते समय पूरी बांह के कपड़े पहने और मच्छरदानी का प्रयोग करें। यदि किसी को फाइलेरिया के लक्षण नजर आते हैं तो वे घबराएं नहीं। स्वास्थ्य विभाग के पास इसका पूरा उपचार उपलब्ध है। विभाग स्तर पर मरीज का पूरा उपचार निरूशुल्क होता है। इसलिए लक्षण नजर आते ही सीधे सरकारी अस्पताल जाएं।

# बिना क्स् और परमिट के फर्राटा भर रहे 40 ई रिक्शा का कटा चालान

दैनिक बुद्ध का संदेश

अंबेडकरनगर। अकबरपुर नगर में बिना परमिट के सड़को पर दौड़ रही ई रिक्सा चालको पर ट्रैफिक पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 40 ई रिक्शा चालकों का चालान काटा है। इनसे करीब 60 हजार का जुर्माना वसूला गया है। पुलिस की कार्रवाई से रिक्शा चालको में हड़कम्प मच गया। अकबरपुर में सैकड़ों ई रिक्शा वाहन है, जो इधर से उधर दौड़ते रहते है और जगह–जगह जाम की समस्या बनते है। इसके अलावा दर्जनों सड़क पर ऐसे भी ई रिक्शा घूमते है, जिनके पास न तो कोई परमिट है और न ही लाइसेंस। बिना परमिट एवं कागजात के चल रही ई रिक्शा चालको पर ट्रैफिक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चालान



काटकर जुर्माना वसूला। यातायात प्रभारी शिवदीपक सिंह ने बताया कि बिना परमिट के चल रही 30 ई रिक्शा और बिना डीएल के चला रहे 10 ई रिक्शा चालको का चालान कटा है। उन्होंने बताया कि इनसे करीब 60 हजार रुपया नगद चलान जमा हुआ है।

# जनपद स्तरीय तीन दिवसीय टी .एल. एम. निर्माण कार्यशाला संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। डाइट में उप शिक्षा निदेशकध्प्राचार्य राम मूरत के अध्यक्षता, वरिष्ठ प्रवक्ता उपेंद्र कुमार के सह संयोजन,प्रवक्ता सतीश कुमार धवन, डॉ प्रतिभा सिंह के निर्देशन तथा एस.आर.जी. अपूर्व कुमार श्रीवास्तव, ए आर पी अरविंद कुमार (संदर्भ दाता) के कुशल मार्गदर्शन में प्राथमिक स्तर कक्षा 1 कक्षा 2 के बच्चों को गतिविधि एंव टी एल एम के माध्यम से शिक्षण कार्य करने की कार्यशाला आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण में स्वयंसेवी संस्था हुमाना पीपुल के सिद्धार्थ त्रिवेदी ने तकनीकी सहायक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसमें जनपद के कुल 154 नोडल शिक्षक संकुलों को प्रशिक्षित किया गया। यह लोग डायट से प्रशिक्षण प्राप्त करके बीआरसी पर टी एल एम निर्माण कार्यशाला संपन्न कराएंगे। प्राचार्य राममूरत जी ने कहा कि यह कार्यशाला बच्चों





के शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में मील का पत्थर साबित होगी। टी. एल .एम .प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए भाषा एवं गणित शिक्षण प्रक्रिया को आसान बनाएगा। प्रवक्ता सतीश कुमार धवन ने बच्चों में भाषा एवं गणित विषय कीअवधारणा विकसित करने पर जोर दिया। इस कार्यशाला में प्रवक्ता डॉ प्रतिभा सिंह ने बाल मनोविज्ञान पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में आकृतियों के निर्माण, बच्चों में रंग ,गंध, स्वाद की पहचान, क्रमबद्धता एवं चरणबद्धता की अवधारणा, अंदर–बाहर, दूर–पास, ऊपर–नीचे ,छोटा–बड़ा की अवधारणा के बारे में जानकारी दी गई। तीन दिवसीय कार्यशाला में बिग बुक, बाल कहानी निर्माण की विधि तथा रोचक कहानी के गुणों पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यशाला में पपेट तथा मास्क निर्माण की विधि भी बताई गई। शिक्षकों ने रोल प्ले के माध्यम से अपने विकासखंड की प्रस्तुति दी। संदर्भ दाता अरविंद कुमार ने बताया कि जीरो इन्वेस्टमेंट अथवा बहुत कम लागत में बहुत से टी एल एम का निर्माण हम कर सकते हैं तथा अपने शिक्षण को समृद्ध बना सकते हैं। खेसराहा विकासखंड में कार्यरत नोडल शिक्षक संकुल अजय बरनवाल ने स्वनिर्मित पपेट का प्रस्तुतीकरण किया। डायट प्रवक्ता महेंद्र ने कहानी के माध्यम से बहुत सी रोचक तथ्यों की जानकारी दी गई। संदर्भ दाता अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों में टी .एल .एम. निर्माण में आने वाली चुनौतियों का भ्रम दूर होगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले नोडल शिक्षक संकुलो को प्राचार्य के माध्यम से प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर डाइट प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार, अनिल बिंद, अनुराग कुमार श्रीवास्तव फुरकान अहमद, मंजुला यादव, पंकज, मोहम्मद यूनुस तथा नोडल शिक्षक संकुल शेषराम यादव, प्रेम कुमार गुप्ता, अहमद सईद, तारिक मुस्तफा, सादिक अली, सत्यनारायण, अनिल कुमार मौर्या, श्रुति शुक्ला, अभिलाषा मिश्रा, नीतू सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय में निरीक्षण के साथ ही उप मुख्यमंत्री ने मरीजों से भी की वार्ता

दैनिक बुद्ध का संदेश

शाहजहाँपुर। जनपद के दो दिवसीय भ्रमण पर आए उप





मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ब्रजेश पाठक मंगलवार को देर शाम रिलायंस गेस्ट हाउस रोजा पहुंचे। इसके उपरान्त उन्होंने जिला चिकित्सालय एवं आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया। जिला चिकित्सालय एवं आक्सीजन प्लांट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनता को बेहतर चिकित्सा सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुरुष सर्जरी भर्ती वार्ड , बाल रोग विभाग, जनरल वार्ड आदि वार्डों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने मरीजों और उनके तीमारदारो से वार्ता कर मिल रही चिकित्सों की जानकारी भी ली। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश के सभी मरीजों को उच्च कोटि की चिकित्सा व्यवस्था देने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। सभी को निशुल्क दवाइयां मिलें निशुल्क जांच हो, और उच्च कोटि की मरीजों को मिले, इसके लिए हमारे चिकित्सक निरंतर कार्य कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई जाती है, उन्हे तत्काल प्रभाव से ठीक करने हेतु कार्यवाही की जाती है। साफ सफाई पर, शुद्ध पेयजल पर, मरीजों की हेतु एंबुलेंस सही समय पर पहुंचे इस पर सरकार का विशेष ध्यान है। के जिला चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज के रूप में उच्चीकृत किया गया है। जहां पर प्रधानाचार्य ने बहुत ही अच्छा कार्य किया है। लेकिन मरीजों की संख्या को देखते हुए यहां पर इसके अलावा ओपीडी के विस्तार पर भी कार्य किया जा रहा है।

# वारण्टी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने किया गांव में मुनादी

## धारा 82 CRPc तामिला की कार्यवाही

दैनिक बुद्ध का संदेश

डीडई/सिद्धार्थनगर। थाना शिवनगर अमित कुमार आनंद (पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर), के आदेश के क्रम में एवं



सुरेश चंद्र रावत, (अपर पुलिस अधीक्षक), के निर्देशन, व देवी गुलाम क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्वेक्षण में ज्ञानेन्द्र कुमार राय (प्रभारी निरीक्षक थाना शिवनगर डिडई) के कुशल नेतृत्व में बुद्धवार को थाना शिवनगर डिडई पुलिस द्वारा वारण्टीध्अभियुक्त डब्लू उर्फ सेराज पुत्र मो0 मुनीर सा0 कठोलवा थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थ नगर के घर 82 ब्त्च्ब् उद्घोषणा तमिला की कार्यवाही किया गया। तथा वारण्टीध्अभियुक्त डब्लू उर्फ सेराज के घर पर न्यायालय का आदेश की प्रति चस्पा किया गया व गांव में घूम घूम कर डुग्गी पिटवाकर तथा माइक में एनाउंस करके मुनादी करवाया गया। उल्लेखनीय है कि विशेषफौ0सं0 63ध्2019 धारा 47,354,295,504,506 भा0द0वि0 व 3(1) द ैब्ैज् ।बज से सम्बंधित वारण्टीध्वांछित अभियुक्त डब्लू उर्फ सेराज पुत्र मो0 मुनीर सा0 कठोलवा थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर जो काफी दिनों से फरार चल रहा है न्यायालय द्वारा वारण्टी सेराज उपरोक्त के विरुद्ध उद्घोषिका निर्गत की गई है जिसके अनुपालन में कार्यवाही की गयी है।

# परिषदीय स्कूली बच्चों में आयोजित हुआ शतरंज प्रतियोगिता

## पकड़ी की आरुषि ने चुरिहारी की ज्ञानवी द्विवेदी को कड़े मुकाबले में हराया

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। ब्लाक संसाधन केंद्र उसका बाजार पर बुधवार को आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में परिषदीय स्कूली बच्चों के बीच खूब शह–मात का खेल चला। जूनियर स्तर बालक वर्ग के फाइनल में उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरिहारी के अर्पित दुबे ने परसा खुर्द के आदित्य श्रीवास्तव को मात दिया। बलिका वर्ग में पकड़ी की आरुषि ने चुरिहारी की ज्ञानवी द्विवेदी को कड़े मुकाबले में हराया। प्राथमिक स्तर के फाइनल मैच में परसा खुर्द के राजकुमार ने सोहांस के अजीत गोस्वामी पर भारी पड़े। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि शतरंज से बच्चों में एकाग्रता, धैर्य, अनुशासन बढ़ता है। इसीलिए परिषदीय विद्यालयों में शतरंज खेल को प्राथमिकता दिया जा रहा है। अब प्रथम स्थान पाने वाले बच्चे जिला स्तर के प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान अभय श्रीवास्तव, राकेश सिंह, सुभाष जायसवाल, कृपाशंकर पांडेय, शैलेंद्र राय, अजीजुर्रहमान, अतुल वर्मा, रितेश यादव, विनय, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।



# सकरन ब्लाक की ग्राम पंचायत पटनी में समिति की बैठक संपन्न

साण्डा (सीतापुर)। विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत पटनी में समिति की बैठक की गई क्योंकि ग्राम प्रधान पटनी चंद्रिका पुत्र भुजंगे गांव में झगड़े विवाद को लेकर के जेल में है। जिसके कारण ग्राम पंचायत के विकास के कार्य बाधित थे। जिसको लेकर ग्राम विकास अधिकारी विकास तिवारी ने ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में सदस्यों की बैठक की। बैठक में प्रधान की ना अगुवाई तक सदस्यों में से एक अस्थाई कार्यकारिणी समिति का अध्यक्ष चुना गया। समिति अध्यक्षता में परवेश पुत्र छोटेलाल व सुरेश पुत्र रामप्रसाद दो सदस्यों ने अपना दावा पेश किया। जिसमें परवेश के पक्ष में एक सदस्य ने समर्थन किया व सुरेश के पक्ष में 5 सदस्यों ने समर्थन किया। सुरेश के पक्ष में कार्यकारिणी अध्यक्ष नीलम देवी ने भी समर्थन किया। ग्राम पंचायत में कुल 13 सदस्य लेकिन बैठक में 8 सदस्यों ने ही भागीदारी की 8 सदस्यों में से सुरेश के पक्ष में ज्यादा सदस्य होने के कारण प्रधान की ना मौजूदगी तक अस्थाई व्यवस्था के लिए समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर सकरन थाना अध्यक्ष मनीष सिंह बैठक में शांति व्यवस्था के लिए अपने हमराही बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत

कछौना/ हरदोई ।हरदोई आगमन पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के स्वागत से अभिभूत नजर आए। भाजपा युवा कार्यकर्ता लघु उद्योग प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पंकज शुक्ला, प्रधानाचार्य रामशंकर शुक्ला, विनय शुक्ला, भाजपा महामंत्री शिवम मिश्रा, वालेश तिवारी, सलिल दीक्षित, अनूप दीक्षित, नीरज शुक्ला, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिद्धपाल, रानू शुक्ला, क्रांतिवीर सिंह, दुष्यंत सिंह, युवा मोर्चा व्यापार मंडल के रवि गुप्ता, पूर्व ग्राम प्रधान अवधेश रावत, शैलेंद्र कुमार, सत्य प्रकाश मिश्रा, ज्योति बाजपेई अधिवक्ता, सोनू शुक्ला, अध्यक्ष मत्स्य जीवी सहकारी समिति संतोष कुमारज, सौरव सिंह, विनोद कुमार, अजय बाजपेई, वीनू तिवारी, अमित गुप्ता आदि कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

# मवेशी बांधने को लेकर विवाद में महिला के साथ अश्लीलता

कानपुर। पनकी में मवेशी बांधने को लेकर विवाद में पड़ोसियों ने एक महिला के साथ मारपीट कर उसके साथ अश्लीलता की। पुलिस कमिश्नर के आदेश के बाद पनकी पुलिस ने सात महीने बाद रिपोर्ट दर्ज की। आरोप है कि आठ फरवरी को महिला घर के पास मवेशी को बांध रही थी। तभी इलाके के दीपक राजपूत और नीरज ने मवेशी को झोपड़ी के बाहर बांधने से मना कर दिया। दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। जाति–सूचक गालियां देते हुए महिला के कपड़े फाड़ कर उसे बदनियति से खींचने का प्रयास भी किया। पीड़िता ने पनकी थाने में शिकायत की। कार्रवाई न होने पर आरोपित दबंगों ने खुद को पुलिस में होने की बात कहते हुए पीड़िता को कई बार धमकाया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# कपिलवस्तु पुलिस ने किया टेम्पो के साथ बीस बोरी यूरिया सीज

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। एसएसबी वा कोतवाली पुलिस



संयुक्त गस्त के दौरान नेपाल सीमा के पास बीस बोरी यूरिया बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी सूर्यप्रकाश सिंह, एसएसबी एसआई माधव गुप्ता ने हमराहियों के साथ सीमा पर गस्त में निकले कि, सीमा से सटे ठकुरापुर गांव के पास एक टैम्पो में खाद लेकर नेपाल की तरफ जा रहा था। जवान रोकना चाहे की चालक टैम्पो छोड़ कर नेपाल सीमा में प्रवेश कर गया। जवानों की मदद से माल सहित गाड़ी को थाने लाकर सीज किया गया। अग्रिम कार्यवाही करते हुए कस्टम कार्यालय ककरहवा को भेज दिया गया। सीजर के दौरान उप निरीक्षक अशोक कुमार, दिनेश त्रिपाठी, संदीप यादव, सुभाष कुमार, नगेन्द्र, शामिल रहे।

## जिलाध्यक्ष विनोद सिंह और महामंत्री पद से हटाए गए नंदलाल, नए पदाधिकारी नियुक्त

देवरिया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पद से विनोद कुमार सिंह व महामंत्री नंदलाल को प्रदेश नेतृत्व ने हटा दिया है। इसके साथ ही अग्रिम आदेश नए जिलाध्यक्ष रामाजी यादव, महामंत्री ज्ञानप्रकाश मिश्र को बनाया गया है। नई कार्यकारिणी का गठन होने तक ये जिला इकाई का कार्य देखेंगे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने . बताया कि उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जिला इकाई के अध्यक्ष रहे विनोद कुमार सिंह व महामंत्री नंदलाल संगठन के संविधान के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे थे। प्रांतीय अवशेष अंशदान न देने, ब्लॉक इकाइयों से शुल्क लेकर बिना किसी लिखित आदेश के मौखिक आदेश से भंग करने, मनमाने तरीके से संगठन चलाने, अपने स्तर से ही संघर्ष शुल्क की वसूली करने, अनुशासनहीनता, संगठन संविधान के विपरित कार्य करने के आरोप तत्काल प्रभाव से जिला इकाई को भंग किया जाता है। जिला कार्यसमिति के अग्रिम निर्वाचन होने तक जिला संयोजक एवं सह संयोजक के पास जिलाध्यक्ष व महामंत्री के अधिकारी निहित होंगे। नई परिस्थिति में संयोजक रामाजी यादव जिलाध्यक्ष, सहसंयोजक ज्ञानप्रकाश मिश्र महामंत्री होंगे तथा सहसंयोजक अजय कुमार यादव व वशिष्ठ नारायण चौहान दोनों सहयोग में करेंगे।

## प्रदेशीय महिला खेल प्रतियोगिताओं के लिए चयन ट्रायल की तिथियां घोषित चयन ट्रायल की तिथियां घोषित

देवरिया। खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले प्रदेशीय महिला खेल प्रतियोगिताओं के लिए जनपद व मंडल ट्रायल की तिथियां घोषित कर दी गईं। ट्रायल के समय आयु के लिए आधार या जन्म प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। जिला क्रीड़ाधिकारी राजनारायण प्रसाद ने बताया कि 18 से 19 सितंबर तक महिला स्टेट तैराकी एवं टेबल टेनिस अयोध्या में होगी। इसके लिए जिला ट्रायल 14 सितंबर को सुबह 10 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम में एवं मंडल ट्रायल 16 सितंबर को गोरखपुर में होगा। 18 से 20 सितंबर तक गोरखपुर में बास्केटबाल एवं हैंडबाल महिला स्टेट होगी। इसके लिए जनपदीय टीम का 12 सितबंर को सुबह 10 बजे देवरिया स्टेडियम एवं मंडल ट्रायल 14 सितंबर को गोरखपुर में होगा। 26 से 28 सितंबर तक आगरा में कबड्डी एवं जिम्नास्टिक होगा। इसके लिए जिला ट्रायल 14 सितंबर को एवं मंडलीय चयन 16 सितंबर को होगा। 26 से 28 सितंबर को जौनपुर में खो–खो एवं वॉलीबाल महिला प्रतियोगिता होगी, इसके लिए जनपद टीम का चयन 22 सितंबर स्पोर्ट्स स्टेडियम में एवं मंडल टीम 24 सितंबर को गोरखपुर में सुबह 10 बजे से चुनी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न स्कूल–कॉलेज के प्रधानाचार्य इस चयन ट्रायल में संबंधित खेलों की खिलाड़ियों को भेज सकते हैं। जनपदीय चयन में केवल जिला निवासी खिलाड़ी ही भाग लेंगी। वहीं, मंडल ट्रायल में चयनित महिला खिलाड़ी ही प्रतिभाग करेंगी। प्रत्येक खिलाड़ी को अनिवार्य रूप से आयु के लिए आधार या जन्म प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

## पंखे में उतरा करंट, युवक की मौत

परतावल (महराजगंज)। बुलंदशहर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के खानपुर कस्बा निवासी जुनैद (21) अपने बड़े भाई वारिस के साथ बर्तन बेचने श्यामदेउरवां क्षेत्र के सोनकटिया में आया था। रात पंखे में उतरे करंट लगने से उसकी मौत हो गई। दोनों भाई गांव में बर्तन बेचा करते थे और रात होने पर उसी गांव में डेरा डाल कर सो जाते थे। कुछ दिनों से जुनैद का बड़ा भाई बड़हरा बरईपार में तथा जुनैद सोहनपुर उर्फ सोनकटीया में मस्जीद के पास एक खाली पड़े मकान में अपना डेरा बनाए थे। गर्मी से बचने के लिए उसने पंखे को अपने बिस्तर के पास रख लिया था। रात्रि सोते समय जुनैद का हाथ पंखे को छू गया, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। इस वजह से करंट लगने से जुनैद की मौत हो गई। सुबह गांव के कुछ नमाजी नमाज अदा करने मस्जिद जा रहे थे तो उनकी नजर जुनैद पर पड़ी। श्यामदेउरवां थानाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में महिलाओं की बढ़ रही रूचि

महराजगंज। जिले में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में महिलाओं की रुचि बढ़ रही है। लाइसेंस लेने के लिए टेस्ट ड्राइव देना पड़ता है। फेल होने वालों का लाइसेंस नहीं बनता। संभागीय निरीक्षक संजय सिंह की देखरेख में आवेदकों को एआरटीओ कार्यालय परिसर में बने ट्रैक पर वाहन चलाकर परीक्षा देनी पड़ती है। एआरटीओ कार्यालय परिसर में प्रत्येक दिन 60 लोग परीक्षा देते हैं। उन्हें ट्रैक पर वाहन चलाकर दिखाना पड़ता है। परीक्षा के दौरान एक दिन में औसतन पांच से छह लोग फेल हो जाते हैं। वर्ष 2020 में 374 महिलाओं ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया। वर्ष 2021 में इनकी संख्या बढ़कर 419 हो गई। वर्ष 2022 में अब तक 379 महिलाओं का लाइसेंस बन चुका है। आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ेगी। वर्ष 2020 में जहां 28,585 लोगों का लाइसेंस बनाया गया, वहीं वर्ष 2021 में 27,760 लोगों ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया। वर्ष 2022 में अब तक 26,760 लोगों का लाइसेंस बन चुका है। संभागीय निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि आवेदन आनलाइन होने के बाद परीक्षा पास होने पर ही लाइसेंस बनता है। सबसे कठिन परीक्षा ट्रैक पर वाहन चलाने की होती है। इसमें चालक को विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है।

## बाइक सवार को रौंदती हुई बेकाबू बस गड्ढे में गिरी

लक्ष्मीपुर (महराजगंज)। गोरखपुर–सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के बहोरपुर के पास करीब 2 बजे भोर में गोरखपुर से सोनौली जा रही बस अनियंत्रित होकर बाइक सवार को रौंदती हुई सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी। बस में सवार यात्रियों में 10 लोग घायल हो गए। बाइक सवार सुनील सहानी (30) निवासी ग्राम पंचायत लक्ष्मीनगर जारा, कोतवाली सोनौली की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक समेत 4 को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। परिचालक सुनील चौधरी (46) निवासी वार्ड नं 21 राजेन्द्र नगर नौतनवां को जिला अस्पताल से गोरखपुर भेजा गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को लक्ष्मीपुर सीएचसी लक्ष्मीपुर भेज कर इलाज शुरू कराया। घटनास्थल पर बस व चहारदीवारी में चिपके बाइक चालक के शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। लक्ष्मीपुर सीएचसी पर चारों घायलों में जमीर (22) निवासी मुडिला नेपाल, शमीम (35) निवासी नेपाल, बस चालक लाल साहब (50) निवासी बनरहवा सोनौली, विकलांग महिला नीता (50) निवासी महमूदापुर थाना कोल्हुई की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में भोला (30) निवासी मुडिला नेपाल, सुमन नियूपानी (21) निवासी भैरहवा नेपाल, रसीद (25) निवासी मुडिला नेपाल, लल्लन (30) निवासी बरवरिया थाना रानीपुर जिला रामपुर, जयप्रकाश यादव (40) निवासी दुल्हपुर, गाजीपुर, शैलेन्द्र (30) निवासी करुआवल थाना कोल्हुई का इलाज लक्ष्मीपुर सीएचसी में किया गया। लक्ष्मीपुर चौकी प्रभारी अंकित सिंह ने बताया कि बाइक सवार और परिचालक की मौत हो चुकी है। चालक समेत चार की हालत नाजुक है। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# नगर पालिका देवरिया सीमा का विस्तार, हेतिमपुर को नगर पंचायत का दर्जा

देवरिया। करीब दो दशक से अधिक समय के इंतजार के बाद नगर पालिका सीमा विस्तार को . कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई। शहर के 23 गांव अब नगर पालिका के हिस्सा होंगे। इन गांवों की पहचान नगर पालिका के वार्ड के रूप में होगी, जबकि हेतिमपुर को नगर पंचायत बनाया गया है। इसमें सात गांवों को शामिल किया गया है।

शहर के सीमा विस्तार का सपना पूरा हो गया है। शासन ने आसपास के 23 गांवों को नगर पालिका का हिस्सा बना दिया है। वर्ष 1930 में नगर पंचायत के रूप में मिली थी। करीब चौदह साल बाद 1944 में 15 गांव, 8597 गाटा को शामिल कर नगर पालिका बनाई गई थी। 1990 से ही इसके सीमा विस्तार की योजना बनाई जा रही थी, लेकिन योजना धरातल पर नहीं उतर पा रही थी। वर्ष 2008 में शासन ने नगर निकायों के सीमा विस्तार की मंशा जताई तो तत्कालीन चेयरमैन बसंत लाल श्रीवास्तव ने 32 गांवों को नगर पालिका में शामिल करने के लिए प्रस्ताव बोर्ड से पास कराकर डीएम के माध्यम से शासन को भेजा था।

इसके बाद से ही नगर पालिका के सीमा विस्तार ने जोर पकड़ लिया। पर शासन में जाकर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। 2021 में एक बार फिर से 46 गांवों को शामिल करने की योजना बनाई गई। इसका प्रस्ताव भेजा गया था। जिस पर आपत्तियां मांगी गईं और निराकरण आख्या भी जिलाधिकारी के माध्यम से भेजी गई थी। पर सभी गांवों को शामिल न करते हुए केवल 23 गांवों को नगर पालिका का हिस्सा बनाने की मंजूरी मिली है। बाकी गांवों के नगर पालिका में शामिल करने पर विचार नहीं किया गया है।

शहर में शामिल हो रहे ये गांवः तिलई बेलवा, परसिया उर्फ खरजरवा, डंभर उर्फ जटमलपुर, पगरा उर्फ परसियां, बरवा गोरस्थान, बड़हरा, चिंतामन चक, पिपरपाती, गोबराई खास, मेहड़ा नगर बाहर, धनौती खुर्द, मुड्डाडीह, सकरापार, देवरिया खास, बभनी नगर बाहर, रामपुर खुर्द, भीमपुर, पिड़रा, रघवापुर, कतरारी, दानोपुर, सोंदा, कठिनइया गांव, भरौली बाजार, अमेठी के नगर पालिका में शामिल होने की मंजूरी मिली है।

शहर की राजनीति में गांवों के मतदाता होंगे निर्णायक

देवरिया। नगर निकाय चुनाव नवंबर व दिसंबर में होने की संभावना है। इसी बीच नगर पालिका के सीमा विस्तार होने से वोटरों की संख्या बढ़ जाएगी। राजनीतिक रणनीतिकारों की बातों पर गौर किया जाए तो गांव के मतदाताओं को नगर पालिका अध्यक्ष चुनने होंगे। करीब 35 से 40 हजार वोटरों की संख्या में इजाफ होगा, जबकि वर्तमान में 1.29 लाख के करीब वोटर हैं। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि 1.60 से 1.70 लाख के मतदाता इस बार अपना रहुनमा चुनेंगे। गांवों के शामिल होने के बाद शहर की राजनीति में इन गांवों के वोटरों और प्रत्याशियों का दखल होना तय है। इसको लेकर राजनीतिक दलों को नए सिरे अपनी तैयारी करनी होगी। अभी तक दो चुनाव से लगातार भाजपा की अलका सिंह का नगर पालिका अध्यक्ष पद पर कब्जा है। अभी तक के हुए चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा, सपा और कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामायण राव के बीच रहा है। इसमें रामायण राव का निधन हो चुका है।

अब देखना है कि आने वाले समय में नगर पालिका के चुनाव में गांव की मतदाता सूची से शहर के वोटर बने लोग किसके पाले में जाते हैं। इस चुनाव को लेकर भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस काफी गंभीर है। सभी दल अपनी–अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। अब गांवों की ओर रुख करना मजबूरी होगी, क्योंकि काफी संख्या में नए वोटर अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

कृषिमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में हेतिमपुर को मिला नगर पंचायत का दर्जा

देसही देवरिया। पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र में दो नगर पंचायतों के गठन के बाद हेतिमपुर को भी नगर पंचायत का दर्जा मिल गया। इस बात की जानकारी होते ही लोग इसका श्रेय कृषि मंत्री व पथरदेवा के विधायक सूर्य प्रताप शाही को दे रहे थे।

एक समय ऐसा था कि पथरदेवा विधानसभा में एक भी नगर पंचायत नहीं थी। स्थानीय विधायक और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के प्रयास से पिछली भाजपा सरकार में ही पथरदेवा, तरकुलवा, हेतिमपुर, बरवां मीर छापर, बैतालपुर को नगर पंचायत बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। पिछले माह कैबिनेट से पथरदेवा, तरकुलवा तथा सदर विधानसभा क्षेत्र के बैतालपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिल गया। उसके बाद हेतिमपुर और बरवां मीरछापर को भी नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने की मांग तेज हो गई।

हुई कैबिनेट की बैठक में हेतिमपुर को भी नगर पंचायत का दर्जा मिल गया। इसकी घोषणा होने की जानकारी होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। पूर्व प्रधान किशोरी लाल जायसवाल, मार्कंडेय पटेल, वीरेंद्र यादव, नेहरू जायसवाल, रमेश जायसवाल, नन्हे सिंह, रमेश सिंह, ओमप्रकाश, तामेश्वर मणि त्रिपाठी आदि ने खुशी जाहिर की है।

हेतिमपुर नगर पंचायत में शामिल हैं ये गांवः हेतिमपुर, भुजौली, डुमरी एकलास, मुंडेरा चंद, कोटवां, सहोदरपट्टी

घोषणा होते ही हलचल हो गई तेजः हेतिमपुर कस्बा को नगर पंचायत बनाए जाने की कैबिनेट की घोषणा होते ही चुनाव लड़ने के दावेदारों के बीच गहमागहमी बढ़ गई है। प्रत्याशी अभी से समीकरण अपने पक्ष में साधने के लिए जुट गए।

# वाराणसी ए व आगरा बी के खिलाड़ियों का दबदबा

महराजगंज। नवोदय विद्यालय समिति की दो दिवसीय संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मुकाबले में वाराणसी ए व आगरा बी टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर दबदबा बनाया। वहीं, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बुधवार को समापन के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।

स्टेडियम में चल रहे संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि कठिन परिश्रम ही किसी भी क्षेत्र में सफलता का परिचायक है। खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर न सिर्फ प्रतियोगिता जीतें बल्कि अपने संभाग का नाम रोशन करने का कार्य करें। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णगोपाल जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेल सभी के लिए आवश्यक है।

अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य राकेश कुमार राय ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संचालन हरिवंश चौरसिया ने किया। इस दौरान प्रदीप शर्मा, अमिताभ सिंह, धैया वर्मा, सुरेंद्र, विकास, ओपी यादव आदि मौजूद रहे।

सब जूनियर में इन खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

बालक वर्ग : हरिद्वार बी के रिहान ने आगरा ए के सौरभ को 30–12 से, वाराणसी ए के सूर्यांश ने लखनऊ ए के आयुष को 30–14 से, हरिद्वार ए के नमन ने वाराणसी बी के रोहित को 30–07 से तथा लखनऊ बी के शुभम ने वाराणसी ए के अभिज्ञान को 30–13 से हराया।

बालिका वर्ग : हरिद्वार ए की प्रेरणा ने वाराणसी ए की इशिका को 30–19 से, लखनऊ बी की अदिति प्रिया ने आगरा बी की गौरी को, हरिद्वार ए की आरुषी ने वाराणसी ए की स्वाति को 30–09 से तथा आगरा बी की नीतिका ने लखनऊ बी की प्रकृति को 30–17 से हराया।

जूनियर वर्ग में इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी

बालक : आगरा बी के आशीष ने आगरा ए के गुलशन को 30–20 से, वाराणसी ए के जुबेर ने लखनऊ के लक्ष्य को 30–14 से, आगरा बी के लविश ने आगरा ए के आदित्य को 30–17 से तथा वाराणसी ए के नीतिश ने हरिद्वार ए के श्रेयांश को 30–29 से हराया।

बालिका : आगरा बी की पलक ने लखनऊ ए की अहलाब को 30–12 से, वाराणसी ए की अनुष्का ने हरिद्वार ए की अंशिका को 30–17 से, हरिद्वार बी की खुशी ने वाराणसी बी की लक्ष्मी को 30–27 से तथा हरिद्वार ए की दिया ने वाराणसी ए की सीमा को 30–16 से हराया।

सीनियर वर्ग में इन्होंने जीते अपने मुकाबले

बालक वर्ग : आगरा बी के विशाल ने लखनऊ ए के ए. विक्रम को 30–15 से, हरिद्वार ए की देवराज ने वाराणसी ए के विपिन को 30–23 से, आगरा बी के परम ने लखनऊ ए के वैभव को 30–17 से तथा वाराणसी ए के रवि ने हरिद्वार ए के प्रणव को 30–18 से हराया।

बालिका वर्ग : हरिद्वार ए की तन्नु ने आगरा बी की रुबि को 30–13 से, वाराणसी ए की कली ने आगरा ए के अंशिका को 30–10 से, आगरा बी की गौरिका ने हरिद्वार ए की पलक को 30–14 से तथा वाराणसी ए की अंजली ने लखनऊ बी की दिव्यांशी को 30–21 से हराया।

# गांवों में गंदगी का अंबार, संक्रामक रोगों का खतरा

चौरीचौरा गोरखपुर। चौरी चौरा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। गांवों में तैनात सफाईकर्मी ग्राम प्रधानों व सचिवों की मिलीभगत से काम में रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे में गांवों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं, गांवों में दम तोड़ रहे स्वच्छ भारत मिशन अभियान के कारण अब ग्रामीणों को संक्रामक रोगों का खतरा भी सताने लगा है। ऐसा ही कुछ ब्रह्मपुर विकास क्षेत्र के ग्राम सभा नीबही के पारड़ में देखने को मिला। यहां सफाई न होने से हल्की बरसात में ही ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ जाती है। नालियां न होने के कारण बरसात का पानी गांव से बाहर नहीं निकल पाता है। वहीं, लोगों के घरों का पानी भी गांव की सड़क में ही फैलता रहता है। ऐसे में वहां कीचड़ व जलभराव के कारण जहां गांव का पानी का निकासी ना होने के कारण काला पड़ गया है वहीं दुर्गंध के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी है। प्रशासन की ओर से लोगों को स्वच्छता अपनाने तथा घरों के आसपास सफाई रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी का ध्यान आकर्षित कराते हुए गांव में स्वच्छता अभियान चलाने व समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी विवेक सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं जल्द से जल्द सफाई कर्मियों को कह कर सफाई करवा दे रहा हूं।

# पड़ोसी मुल्कों में जब तक मिलेंगे पोलियो के केस, सतर्कता जरूरी

महराजगंज। पड़ोसी देशों में जब तक पोलियो के केस मिलते रहेंगे, तब तक पोलियो के प्रति सतर्कता जारी रखते हुए अपने पाल्यों को पोलियोरोधी दवा पिलानी होगी। वर्ष 2022 में पाकिस्तान में 15, अफगानिस्तान में एक तथा अफ्रीका में पांच केस मिले हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान में लगातार पोलियो के केस निकल रहे हैं। चूंकि इन पड़ोसी मुल्कों से लोगों का आना–जाना भारत में भी लगा रहता है। ऐसे में जब तक विश्व में पोलियो के केस निकलते रहेंगे तब तक एहतियातन पल्स पोलियो अभियान जारी रखा जाएगा। यह बात जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.आईए अंसारी ने सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभागार में पल्स पोलियो अभियान के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि पोलियो को जड़ से मिटाने के लिए निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। यह अभियान अभी तब तक जारी रहेगा जब तक पोलियो का समूल सफाया न हो जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 में महराजगंज जनपद के सिसवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत खेसरारी में पोलियो का एक केस मिला था। उसके बाद महराजगंज में पोलियो का कोई केस नहीं मिला है। यह पल्स पोलियो अभियान से ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण के दौरान एक साल तक के बच्चों को साल में चार बार पोलियो का ड्राप पिलाया जाता है। इसके अलावा पल्स पोलियो अभियान के तहत भी शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो का ड्राप पिलाया जाता है।

उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान 18 सितंबर से शुरू होगा। 18 सितंबर को बूथ दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए 1370 बूथ बनाए गए हैं। 19 से 23 सितंबर तक घर–घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा। इसके लिए कुल 883 टीम बनाई गयी है। अभियान में 264 सुपरवाइजर भी लगाए गए हैं। इसके बाद 26 सितंबर से बी टीम भी जाकर छूटे हुए बच्चों को ड्राप पिलाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नीरज कन्नौजिया, सदर सीएचसी के अधीक्षक डॉ.के पी सिंह, पनियरा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.वीर विक्रम सिंह, डॉ.अंग्रेज सिंह आदि मौजूद रहे।

पोलियो के लक्षण : –तीन से चार दिन के अंदर का बुखार हो।

–शरीर के किसी अंग में अचानक लकवा मारा जाना, या कमजोर हो जाना। –60 दिन बाद भी कमजोरी बना रहना।

4.22 लाख बच्चों को पिलाया गया था पोलियो ड्राप

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि मार्च 2022 में चले पल्स पोलियो अभियान के दौरान करीब 4. 22 लाख बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया गया था।

ब्लॉक में भी होंगे प्रशिक्षण


प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनियरा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और कार्यक्रम के प्रशिक्षु डॉ.वीर विक्रम सिंह ने बताया कि शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चे पोलियो को दो बूंद अवश्य पी लें, ताकि पोलियो का सफाया किया जा सके। पल्स पोलियो अभियान में लगने वाली टीम से अपेक्षा है कि कोई घर एवं कोई बच्चा ड्राप पीने से वंचित न रहने पाएं। इस संबंध में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शुरू होगा।

# पगडंडी रास्ते से हो रही है खाद की तस्करी जोरो पर

### स्थानीय लोगों के द्वारा विडियो बनाकर किया जा रहा है सोशल मीडिया पर वायरल लेकिन नहीं हो रही है कोई कार्यवाही

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिले से सटे खुनुवा बॉर्डर सीमा के रास्ते तस्करों द्वारा खाद की तस्करी इस समय जोरों पर की जा रही है।तस्करों द्वारा बिना किसी डर भय प्रशासन के नाक के नीचे बाइक व साईकल पर खाद लादकर नेपाल की तरफ खाद पहुंचाई जा रही है।सुरक्षा एजेंसियां एसएसबी और पुलिस की सुस्त रवैया के कारण तस्कर आए दिन तस्करी करते हैं। देखने की बात यह है कि आए दिन इसी रास्ते से नेपाल और नेपाल से भारत के लिए तस्कर अन्य चीजों की भी तस्करी करते रहते हैं। आए दिन तस्करी का सामान एसएसबी और पुलिस की टीम पकड़ती है लेकिन अभी तक तस्करों और तस्करी के ऊपर पूर्ण रूप से लगाम नहीं लगी है। इधर सीमावर्ती लोगों की माने तो करहिया से खाद तस्करी का यह खेल






लक्ष्मीपूजन के बल पर खुब फल–फूल रहा है। और करहिया के रास्ते, सहीत अनेक रास्तो से खाद को नेपाल भेज देते है। सबसे आश्चर्य की बात है कि कृषि अधिकारी के अतिरिक्त खाद की तस्करी रोकने के लिए खुनुवा सीमा पर 24 घंटे पुलिस एवं एसएसबी जवानों की डयूटी लगी रहती है। फिर भी खाद की तस्करी परवान पर है,जो जांच का विषय है। बताते चलें की जो यूरिया 266 रुपये प्रति बोरी मिलती है, वहीं नेपाल पहुंचने पर 800 से 1000 रुपये हो जाती है।यही कारण है कि इंडो नेपाल बॉर्डर से सालोंभर यूरिया की तस्करी चरम पर रहती है। तस्कर व दुकानदार तो मालामाल हो रहे, लेकिन समय से खाद न मिलने पर भारतीय किसानों की खेती चौपट हो रही है।

# अनियंत्रित कार पलटी, गोरखनाथ ओवरब्रीज पर तीन राहगीर दबे, दो की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। बीती रात करीब 01.30 बजे एक तेजगति एवं अनियंत्रित कार



बेकाबू होकर गोरखनाथ ओवरब्रीज के फूटपाथ में लडकर पलट गई जिसमें कार की चपेट में आकर वहाँ पर मौजूद 03 राहगीर कार के नीचे दब गये ।इस सूचना पर जब थाना गोरखनाथ की फोर्स घटनास्थल पर पहुँची और बचाव कार्य शुरू किया तो उसमें मौके पर ही 01 व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी, जहाँ पर अन्य 02 घायलो को दवा ईलाज हेतु जिला अस्पताल गोरखपुर भेजा गया । जहाँ पर इनमें से 01 व्यक्ति की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई । और 01 व्यक्ति को सिर में हल्की फुल्की चोट आना बताया गया है, जिसका ईलाज चल रहा है । घटनास्थल का निरीक्षण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ द्वारा किया गया है । दुर्घटना कारित करने वाले कार को पुलिस कब्जे में लिया गया है । ड्राइवर सहित 04 व्यक्तियो को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतको के शव को पंचायतनामा एवं अन्य विधिक कार्यवाही हेतु भेजा गया।

# स्वास्थ्य एवं विद्युत विभाग को कार्य में सुधार लाने का दिया निर्देश

## अधिशाशी अभियन्ता जल निगम को लगाई फटकार

दैनिक बुद्ध का संदेश

शाहजहाँपुर। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विकास भवन सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शासन से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सा विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को सेवाओं में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होने विकास भवन परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का भी निरीक्षण किया जिसमें बाल विकास पुष्टाहार विभाग, प्रोबेशन विभाग, शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, बैंक, ग्रामोद्योग विभाग आदि शमिल रहे। उन्होने माटीकला बोर्ड के लाभार्थियों को दिए गये इलेक्ट्रिक चाक चलाकर देखा तथा लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्रोबेशन विभाग ने रानी लक्ष्मी बाई सम्मान कोष के 05 लाभार्थियों को एफडी वितरित की, इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पोषण माह हेतु जनजागरूकता रैली को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों के अन्न प्राशन कार्यक्रम में भी शमिल हुये। प्रधानमंत्री कुसुम योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरित किये। बैठक के दौरान पाठक ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि बिल की ओवर बिलिंग किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। तथा ओवरबिलिंग में पाये गये दोषी कर्मचारियोंध्अधिकारियों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही की जाये। निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। चिकित्सा सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता एवं समुचित उपचार मरीजों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर समय से स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित होकर उपचार करें। उप मुख्यमंत्री ने कड़े निर्देश देते हुये कहा कि सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी निर्धारित रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन एक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर निरीक्षण करें एवं मरीजों के उपचार हेतु परामर्श भी दें।





उन्होंने जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सेवाओं की भी विस्तार पूर्वक समीक्षा करते हुए कहा कि सभी चिकित्सक जनता से बेहतर व्यवहार करें तथा कोई भी व्यक्ति निराश होकर बिना उपचार प्राप्त किये ना जाए। चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता के विशेष प्रबंध करने के साथ आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सदैव रखी जाए। तिलहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जनरेटर एवं पैथोलॉजी की व्यवस्था कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पेयजल योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि की जल निगम द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता को भी निर्देश दिए कि पाइप पेयजल योजनाओं एवं अन्य योजनाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा सभी परियोजनाओं पर पूर्ण क्षमता से कार्य करें । बड़ागांव के ग्राम प्रधान से फोन पर वार्ता के दौरान गांव के एक मजरे में पाइप पेयजल योजना के माध्यम से जलापूर्ति ना होने की जानकारी पर कड़े निर्देश दिए कि तत्काल जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। उपमुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से नामांकन एवं विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं के विषय में जानकारी ली तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि छात्रों की ड्रेस हेतु भेजी गयी धनराशि से अभिभावक अनिवार्य रूप से ड्रेस बनवाने में ही व्यय करें। इसके लिए शिक्षक नियमित रूप से अभिभावकों से संपर्क करें। उन्होने जर्जर विद्यालयों का ध्वस्तीकरण तत्काल कराए जाने के निर्देश भी दिए। सड़कों के गड्ढा मुक्त कराए जाने हेतु भी अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि गांव में होने वाले अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किए जाने हेतु बीट सिपाही के माध्यम से सूचनाओं का संकलन कर उन पर समय से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर कड़ी कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित की जाए माननीय उपमुख्यमंत्री ने जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं एवं कानून व्यवस्था की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्षा ममता यादव, एमएलसी सुधीर गुप्ता, विधायक ददरौल मानवेन्द्र सिंह, विधायक जलालाबाद हरिप्रकाश वर्मा, विधायक तिलहर सलोना कुशवाह, विधायक पुवायां चेतराम, विधायक कटरा वीर विक्रम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी एस बी सिंह, पुलिस अधीक्षक एस आनन्द अपर जिलाधिकारी प्रशासन रामसेवक द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व त्रिभुवन, डीएफओ प्रखर गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



दैनिक बुद्ध का संदेश

कर्मा ,सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत कर्मा थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए भरुआ माइनर रेलवे क्रॉसिंग के पास से अभियुक्त आकाश कुमार मौर्य पुत्र रामसखी मौर्य निवासी ग्राम पापी थाना करमा सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष को एक किग्रा 100 ग्राम नाजायज गाजे के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 124ध्2022 धारा 8ध्20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय चालान किया गया ।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिलाएं झुलसी,एक की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गुरमा/सोनभद्र। आकाशीय बिजली के चपेट मे आ जाने से दो महिलाए गंभीर रूप से झुलस गयी। दोनो को तत्काल एम्बुलेंस मंगाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन भेजा गया जहा एक महिला को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया दुसरे को स्थिति गंभीर बताते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया घटना चोपन थाना क्षेत्र के केवटा गांव बुधवार की दोपहर तकरीबन तीन बजे की है दोनो महिलाए बरसात के दौरान अपने घर द्वार पर बर्तन धो रही थी इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से यह घटना घटी गांव के लोगो ने तत्काल एम्बुलेंस मंगाकर चोपन स्वास्थ्य केन्द्र भेजा जहा तारा(30) पत्नी प्रभु को देखते ही चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया वह दुसरी महिला किसमतियाँ (28) को स्थिति गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया दोनो महिलाए पड़ोस की रहनी वाली है। दोनो महिलाओ की मौत से परिजनो मे कोहराम मच गया है।

## समस्या हमारी है तो लड़ाई भी हमें ही लड़नी होगी:सर्वेश पाण्डेय

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सवर्णों के हक की आवाज बनकर पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय के जनपद आगमन को लेकर जहां युवाओं में उत्साह दिखा। स्वर्ण आर्मी के मुखिया के आगमन पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ उदघोष करते समाज के लोगों ने चंडी होटल तिराहे पर स्वागत माल्यार्पण किया। इसके पश्चात समाज के लोगों का जुलूस नगर से होते हुए स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह पहुंचा। प्रेक्षागृह में स्वर्ण समाज के सर्वेश पांडेय ने सैकड़ो युवाओं और वरिष्ठ लोगों के साथ बैठक की। मुख्य अतिथि के रूप में सवर्ण आर्मी चीफ सर्वेश पांडेय, विशिष्ट अतिथि सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम सिंह व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल पांडेय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष सूरज प्रसाद चौबे ने अतिथियों का मंच से स्वागत किया। स्वागत के क्रम में जिला सचिव राजू चौबे, सावित्री देवी, रवि प्रकाश चौबे ने माल्यार्पण स्वागत किया। कार्यक्रम का सम्बोधन करते हुए सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल पाण्डेय ने सभा को सम्बोधित करते हुए सवर्णो को अहंकार का त्याग कर एकजुट होने का आह्वाहन किया। राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम सिंह ने वर्तमान समय मे सवर्णो पर हो रहे अत्याचार के प्रतिकार के लिये एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिये आगे आने की बात पर जोर दिया। अपने संबोधन में अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय ने सवर्णो पर हो रहे अत्याचार को बताते हुए कहा कि समाज का दुर्भाग्य है कि जब समाज और कोई संकट



आता है तो कोई दल या कोई संघठन आगे नहीं आता। सभा को सम्बोधित करते हुए पाण्डेय ने कहा इस सम्मेलन का उद्देश्य सोनभद्र में समाज के उत्थान के साथ आये दिन होने वाली उत्पीड़न के खिलाफ एक संघर्ष करने की बात कही। देश मे इन दिनों एक नए चलन का उल्लेख करते हुए कहा कि आजकल हर कोई सवर्णो को अपशब्द कह शॉर्टकट में नेता बनने का काम कर रहे हैं। और वो लोग हमारे ऊपर जातिवाद का आरोप लगाते है जो सरकार का दिया जातिवाद के प्रमाण पत्र लेकर घूम रहे हैं। एससी एसटी एक्ट के दुरुपयोग के उल्लेख करते हुए सबके लिये एक समान कानून की आवाज उठाने का आह्वान किया। देश मे इतिहास के साथ खिलवाड़ की बात कहते हुए पाण्डेय ने कहा कि जब देश मे मौर्य, मुगलो, अंग्रेजों का लम्बे समय तक राज रहा तो फिर सवर्णो पर अत्याचारी होने का मिथ्या आरोप लगाया जाता है। जिसका किसी राजनैतिक दल ने विरोध नही किया। समस्या हमारी है तो लड़ाई भी हमे ही लड़नी पड़ेगी। बिना नाम लिये पाण्डेय ने कहा इसी जनपद में एक जनप्रतिनिधि ने ब्राम्हणों और क्षत्रियो को गाली दी जिसके विरोध में तमाम साथियों ने एफआईआर लिखवाई, जमकर विरोध किया लेकिन किसी राजनैतिक दल ने इसका विरोधा नही किया। समाज का नेता और हितैषी वो होता है जो लोगों की सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिये आगे आये।समाज के युवाओं का आह्वान किया कि 25 वर्ष तक नौकरी के लिये कड़ी मेहनत करे और इसके बाद व्यापार की ओर उन्मुख हो ताकि आपको अपने पूर्वजो की जमीन न बेचनी पड़े। युवाओं को संदेश देते हुए पांडेय ने कहा आप आज से 20 –30 वर्ष पूर्व अपने परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्तर की तुलना आज से कीजिए और अपना लक्ष्य तय कीजिये। व्यक्तिगत लड़ाई व्यक्तिगत होनी चाहिये समाज के उत्थान के लिये अहंकार का त्याग करके आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रवि प्रकाश चौबे, राजू चौबे, विपिन पांडेय, दीपक पण्डित, ऋषि झा, लोकेश उपाध्याय, तारा शुक्ला, सुमित तिवारी, प्रशांत मिश्रा, विक्की पांडेय, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**बुद्ध का संदेश**
**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
**स्व. के.सी. शर्मा**
सम्पादक
**राजेश कुमार शर्मा**

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## नगर निकाय चुनाव के लिए पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगा



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अलग राज्य की मांग कर रहे पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा की एक बैठक, न्यू कॉलोनी रावर्ट्सगंज सोनभद्र में मंगलवार को जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश चौबे उर्फ राजू चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें आगामी नगर निकाय चुनाव ने जागरूकता एवं अन्य विषय पर विचार विमर्श किया गया! इस अवसर पर मोर्चा के संगठन प्रमुख पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि नगर निकाय चुनाव पांच सालों के बाद ही आते हैं। इन चुनावों का मकसद हम अपने शहर के लिए अच्छे प्रतिनिधियों का चयन करना होता है। ताकि निकाय में अच्छी सरकार का गठन किया जा सके। भारत में लोकतंत्र है। इस लोकतंत्र में मतदान से हमें सरकार चुनने का मौका मिला है। लोगों को यह मौका बड़ी मुश्किलों के बाद मिला है। इसलिए चुनाव में हर मतदाता को अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। मतदान में हर मतदाता को हर हाल में सभी को भाग लेना चाहिए। मतदान बहुत ही गंभीर विषय है। मतदाताओं को पूरी सोच विचार के बाद ही किसी प्रत्याशी को वोट देना चाहिए। राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन (भारत) के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने कहा कि नगर की बागडोर साफ छवि, शिक्षित व ईमानदार व्यक्ति के हाथ में होनी चाहिए, जो व्यक्ति नगर में शांति व सुरक्षा कायम करवा सके और हर नागरिक का सम्मान करते हुए उनकी समस्या को गंभीरता से विचार कर सकता है ऐसे प्रतिनिधि का जनता चयन करे। प्रदेश प्रवक्ता काकू सिंह का कहना है कि जो प्रत्याशी जनता से भेदभाव को खत्म कर विकास करवाने की सोच रखता हो, वहीं प्रत्याशी नगर निकाय का उम्मीदवार बनने के योग्य है। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत शुक्ला, नवीन कुमार पांडे, नेतराज पटेल, अमित कुमार चौबे, दीपक जायसवाल, ललित चौबे, दीप नारायण पटेल, अशोक सिंह, फूल सिंह आदि लोग थे।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न



- रुसंगठन की मजबूती पर जोर
- रुप्रस्तावित प्रसासन योजना का विरोध

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। नगर स्थित गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज राबर्टसगंज में बुधवार को कमलेश कुमार खेमका की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्त विहीन गुट की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में संगठन की मजबती, सदस्यता अभियान और विद्यालयों के संचालन में होने वाली अनेकों समस्याओं तथा वित्त विहीन शिक्षकों के मानदेय को पुनः शुरू करने और कठिनाइयों के निराकरण पर विचार विमर्श किया गया, बैठक को सम्बोधित करते हुए संघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार वित्त विहीन शिक्षकों व विद्यालयों को खत्म कर देना चाहती है, प्रस्तावित प्रशासन योजना को लागू किया गया तो सबसे ज्यादा यूपी बोर्ड के विद्यालय अलग थलग पड़ जायेगें, जब तक नवीनीकरण का समय आयेगा तब तक तो आधे से अधिक विद्यालय टूट चुका होगा, जबकि यूपी बोर्ड के वित्त विहीन विद्यालयों में लगभग अस्सी प्रतिशत गरीब परिवारों से आने वाले बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं, यादव ने कहा कि सभी वित्त विहीन शिक्षकों को एम एल सी लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में मजबूती से लम्बा संघर्ष करने के लिए तैयार हो जाना चाहिए, संघ के जिलाध्यक्ष प्रबोध कुमार सिंह ने कहा कि जब तक ब्लॉक से लेकर विद्यालय स्तर तक संगठन को मजबूत नहीं कर लिया जाता तब तक जिले की कमेटी को मजबूत नहीं किया जा सकता है, जिला प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने कहा कि संगठन के मजबूती के अक्टूबर माह में जिले स्तर पर अभियान चलाया जाना चाहिए, संचालन वीरेंद्र यादव ने किया,बैठक में सत्यपाल यादव, अनुज कुमार, धनंजय तिवारी, बुद्धि नाथ यादव, अली मुख्तार, गिरीश सिंह, नन्दलाल यादव, श्याम बाबू, राजेश पाल, सूर्यसेन सिंह, दिनेश कुमार, सुजीत कुमार सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे!

# कई गुणों की खान है केसर, जानिए इससे मिलने वाले फायदे

दुनिया के सबसे महंगे मसालों में से एक केसर क्रोकस सैटिवस फूल या कहें कि केसर क्रोकस का हिस्सा है। ऐसा माना जाता है कि केसर के धागों की उत्पत्ति ईरान में हुई थी और इनका उपयोग औषधीय गुणों के कारण किया जाने लगा था। बता दें कि केसर शक्तिशाली एंटी–ऑक्सीडेंट समेत कई ऐसे गुणों की खान है, जो कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देने में सक्षम है। आइए आज हम आपको केसर के फायदों से परिचित करवाते हैं।

मूड को बेहतर करने में है कारगर

केसर को सनशाइन मसाला भी कहा जाता है क्योंकि इसका सेवन मूड को बेहतर करने समेत अवसाद और चिंता का इलाज करने में काफी सहायक माना जाता है। केसर की पंखुडियां और धागे हल्के से मध्यम अवसाद से राहत दिला सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, केसर का अर्क मस्तिष्क में डोपामाइन के स्तर को बढ़ाता है और मस्तिष्क के हार्मोन्स जैसे सेरोटोनिन के स्तर को बदले बिना याददाश्त और एकाग्रता में सुधार करता है।

वजन घटाने में है सहायक



अस्वास्थ्यवर्धक स्नैकिंग वजन बढने का एक प्रमुख कारण है और इससे कई खतरनाक हृदय रोग हो सकते हैं। शोध के अनुसार, केसर अस्वास्थ्यवर्धक स्नैकिंग को रोककर वजन घटाने को बढ़ावा देने और आपकी भूख को कम करने में अत्यधिक प्रभावी है। एक अध्ययन के अनुसार, जिन महिलाओं ने केसर का सेवन किया, उन्हें पेट भरा हुआ महसूस हुआ। उन्होंने प्लेसीबो समूह की महिलाओं की तुलना में अधिक वजन कम किया।

पीएमएस के लक्षणों को कम करने में है सहायक

पीएमएस यानी प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम होने का मुख्य कारण पीरियड्स से पहले हार्मोन्स स्तर में बदलाव को माना जा सकता है। शोध के अनुसार, केसर पीएमएस के लक्षणों को सुधारने में मदद कर सकता है और आपको आराम का अनुभव करा सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, 20 मिनट के लिए केसर को सूंघने से पीएमएस के लक्षणों समेत तनाव हार्मोन को कम करने में मदद मिल सकती है।

कैंसर के खतरे को कम करने में है मददगार

आवश्यक एंटी–ऑक्सिडेंट और क्रोसिन और क्रोसेटिन नामक दो प्रमुख कैरोटीनॉयड से समृद्ध केसर हानिकारक मुक्त कणों को बेअसर करने में मदद कर सकता है, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को उत्पन्न कर सकता है। टेस्ट–ट्यूब अध्ययनों के अनुसार, केसर और इसके यौगिक कोलन कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोक सकते हैं या स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बिना उन्हें खत्म कर सकते हैं।

त्वचा के लिए है बढिया

केसर आपकी त्वचा के लिए भी बहुत अच्छा है। केसर में मौजूद फ्लेवोनोइड यौगिक जैसे क्वेरसेटिन और केम्फेरोल आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाने में मदद कर सकते हैं। यह आपकी त्वचा को हल्का और निखारते हुए पिगमेंटेशन, भूरे धब्बे और अन्य त्वचा संबंधित समस्याओं को कम करने में भी मदद करता है। इन फायदों के लिए हल्दी वाले दूध में थोड़ा केसर मिलाकर इसे अपने चेहरे पर लगाएं।

## सिद्धांत चतुर्वेदी ने ईशान खट्टर के सिंगल होने के कारण का किया खुलासा

अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने आखिरकार अपने फोन भूत के सह–अभिनेता और दोस्त ईशान खट्टर के सिंगल होने के कारण का खुलासा कर दिया है।

करण जौहर के चौट शो के 10वें एपिसोड में सिद्धांत के साथ



उनकी को–स्टार्स कैटरीना कैफ और ईशान कट्टर भी होंगे।

होस्ट करण जौहर ने आखिरकार अपने वर्तमान रिश्ते की स्थिति पर ईशान खट्टर से प्रतिक्रिया देने को कहा तो एक्टर ने अपना जवाब दिया।

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि किसके साथ संबंध टूट गया, लेकिन मैं वर्तमान में अविवाहित हूं आखिरकार अभिनेता ने घोषणा की, लेकिन अपने करीबी दोस्त सिद्धांत चतुर्वेदी के बिना ईशान के अकेलेपन के संभावित कारण का खुलासा नहीं किया।

बात को पूरी करते हुए सिद्धांत ने कहा, मेरे साथ घूमते घूमते ये भी सिंगल हो गया!

फोन भूत गुरमीत सिंह द्वारा निर्देशित और एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी द्वारा निर्मित एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। फिल्म की कहानी एक दुकान के इर्द–गिर्द घूमती है, जहां भूतों से जुड़ी हर तरह की समस्या का समाधान किया जाता है। कॉफी विद करण सीजन 7 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होता है।




## विक्रम वेधा में 3 अलग-अलग लुक में नजर आएंगे ऋतिक रोशन



ऋतिक रोशन और सैफ अली खान स्टारर विक्रम वेधा की झलक के बाद फैन्स फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म की दिलचस्प कहानी ने जहां फैन्स को फिल्म का इंतजार करने पर मजबूर कर दिया है वहीं फिल्म में सैफ के साथ अपने फेवरेट सुपरस्टार ऋतिक रोशन को देखने के लिए फैन्स बेहद उत्साहित हैं।

हाल में रिलीज हुए विक्रम बेधा के टीजर को दर्शकों द्वारा काफी धमाकेदार रिस्पॉन्स मिल रहा है और जिसके बाद ये सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले हिंदी फिल्म के टीजर के रूप में सामने आया है।

इस टीजर ने ऋतिक रोशन और सैफ अली खान के लुक्स और ऑनस्क्रीन किरदारों की झलक दी हैं, वहीं माना जा रहा है कि फिल्म का ट्रेलर एक एक्शन पैक्ड थ्रिल राइड पर ले जाएगा और जो टीजर को भी पीछे छोड़ देगा। वैसे फिल्म में ऋतिक के किरदार वेधा को लेकर खबरे हैं कि फिल्म में वो तीन तरह के अलग अलग लुक्स में नजर आएंगे। इसके अलावा विक्रम वेधा ऋतिक रोशन के लिए करियर के लिए एक माइनस्टोन फिल्म है क्योंकि यह उनकी 25वीं फिल्म है।

सूत्रों का कहना हैं, एक अभिनेता के रूप में ऋतिक ने हमेशा अपने ऑनस्क्रीन किरदारों में ढलने की हिम्मत रखी है। अपने किरदारों की तरह दिखने से से लेकर, तौर–तरीकों को अपनाने तक, अपनी पहली फिल्म कहो ना .. प्यार है से लेकर उनकी आखिरी रिलीज सुपर 30 और वॉर तक, जब भी ऋतिक ने कोई फिल्म की उन्होंने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि वो खुद को ट्रांसफॉर्म करने के साथ लोगों को सरप्राइज भी करें।

सूत्रों ने कहा, विक्रम वेधा, वेधा की यात्रा और बैकस्टोरी को शोकेस करेगी। इसके लिए, ऋतिक फिल्म में 3 अलग–अलग लुक में दिखाई देंगे। ट्रेलर विक्रम वेधा की दुनिया की और भी झलक देगा, जहां दर्शक वेधा की पूरी महिमा देख सकते है।

आपको बता दें, विक्रम वेधा पुष्कर–गायत्री द्वारा लिखित और निर्देशित एक एक्शन–थ्रिलर है। विक्रम वेधा की कहानी ट्विस्ट और टर्न से भरी है, जहां एक सख्त और ईमानदार पुलिस विक्रम (सैफ अली खान) एक खतरनाक गैंगस्टर वेधा (ऋतिक रोशन) को पकडने के लिए निकलता है। यह एक तरह से बिल्ली और चूहे को पड़कने जैसा लगता है, जहां वेधा – एक मास्टर स्टोरीटेलर विक्रम को कहानियों की एक सीरीज के माध्यम से परतों को वापस हटाने में मदद करता है जो सोची–समझी नैतिक अस्पष्टता की ओर ले जाता है। विक्रम वेधा को गुलशन कुमार, टी–सीरीज और रिलायंस एंटरटेनमेंट ने फ्राइडे फिल्मवर्क्स एंड जियो स्टूडियोज और वाईएनओटी स्टूडियोज प्रोडक्शन के सहयोग से प्रस्तुत किया है। यह फिल्म पुष्कर और गायत्री द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार और एस शशिकांत द्वारा निर्मित हैं, जो 30 सितंबर 2022 को विश्व स्तर पर बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

## तारा सुतारिया ने लगाया बोल्डनेस का तड़का, शेयर की तस्वीरें

बॉलीवुड की एक्ट्रेस तारा सुतारिया अपने सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। वो आए दिन अपनी तस्वीरें और वीडियो



अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती है। फैंस भी उनके पोस्ट का बड़ी बेसब्री से इंतजार करते है। यही कारण है कि अभिनेत्री के इंस्टाग्राम पर तगड़ी फैन फॉलोइंग हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर आठ मिलियन से अधिक फैंस फॉलोअर्स है। हाल ही में तारा सुतारिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें वो बेहद बोल्ड लुक में दिखाई दे रही है। तस्वीरों में अदाकारा ब्रालेट क्रॉप टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहने नजर आ रही हैं साथ ही वो लॉन्ग जैकेट से टीमअप की है। उन्होंने अपने बालों को भी खुला रखा है और कैमरे के सामने कई पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में अभिनेत्री ग्लैमरस लुक में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा, श्मैं कूल होने की कोशिश कर रही हूं।य उनके इन तस्वीरों को देखकर फैंस अपनी निगाहें नहीं हटा पा रहे है। वो तारा सुतारिया के तस्वीरों को लाइक करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

## पालतू जानवरों की ओरल हाइजीन का ऐसे रखें ध्यान

पालतू जानवरों के लिए ओरल हाइजीन उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी इंसानों के लिए। अगर आप अपने पालतू जानवरों के मुंह के स्वास्थ्य की देखभाल नहीं करते हैं तो वे पीरियोडोंटाइटिस या ग्रेहाउंड जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। अमेरिकन वेटरनरी मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार, 80 प्रतिशत पालतू जानवरों में तीन साल की उम्र से ही कैनाइन पीरियोडोंटल बीमारी के लक्षण दिखने लगते हैं। आइए आज पालतू जानवरों की ओरल हाइजीन मेंटेन करने के तरीके जानते हैं।

रोजाना टूथब्रश करवाएं

बदबूदार सांस या दांत से जुड़ी समस्याओं से अपने पालतू जानवरों को बचाए रखना सबसे अच्छा तरीका है कि रोजाना उनके दांतों को साफ करें। आजकल पेट शॉप पर पालतू जानवरों के लिए कई तरह के टूथपेस्ट और टूथब्रश उपलब्ध हैं, जिनमें से किसी एक को चुनकर आप अपनी पालतू के दांतों को स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। ध्यान रखें कि मानव टूथब्रश का इस्तेमाल नहीं करना है क्योंकि यह उनके मसूड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है।

अपने पालतू को दें डेंटल च्यू

डेंटल च्यू की मदद से भी आप अपने पालतू की ओरल हाइजीन को मेंटेन कर सकते हैं। अगर आपके पास एक पालतू कुत्ता है तो उसके लिए डॉग डेंटल च्यू खरीदें और उसे अपने कुत्ते को चबाने के लिए दें। इससे न सिर्फ उसके दांत चमकेंगे बल्कि उनमें मौजूद प्लॉक और टार्टर भी दूर होगा। वहीं, अगर आपके पास एक पालतू के तौर पर बिल्ली है तो उसकी उम्र के हिसाब से उसे डेंटल च्यू दें।



स्प्रिट्ज डेंटल स्प्रे

अगर आपके पालतू जानवर के मुंह से बदबू आती है तो उसे दूर करने के लिए स्प्रिट्ज डेंटल स्प्रे मदद कर सकता है। यह आपके पालतू के दांतों की देखभाल करने का एक तेज और आसान तरीका है क्योंकि ये आपके पालतू की सांसों को ताजा बनाने के लिए प्लाक पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मारते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि इन स्प्रे का छिड़काव करने से पहले आपका पालतू आधा घंटा पहले और बाद में कुछ न खाए।

सहज महसूस करवाने की करें कोशिश

अपने पालतू की ओरल हाइजीन को मेंटेन करने का यह एक और अच्छा तरीका है। इसके लिए आप अपने पालतू को पास बुलाए और उसके ऊपर अपना हाथ फेराते हुए उसका मुंह चेक करें। इससे आपका पालतू खुद को आपके साथ सहज महसूस करेगा और उसका मुंह भी चेक हो जाएगा। दरअसल, पालतू जानवर कमजोर दिखने से बचने के लिए अपने मुंह के लक्षणों को छुपाते हैं। इसलिए समय पर उनके मुंह को चेक करते रहना आपकी जिम्मेदारी बनती है।

समस्याओं को नजरअंदाज न करें

जब आपको अपने पालतू के दांतों के खराब होने के लक्षण दिखाई दें, जैसे रंग, टार्टर बिल्ड–अप, कैविटी आदि तो उसे जानवरों के दंत चिकित्सक के पास ले जाकर उसकी समस्याओं का समाधान पूछें। इसके अतिरिक्त, हर छह महीने में एक बार उसके दांतों की सफाई के लिए भी दंत चिकित्सक के पास लेकर जाएं क्योंकि इसे नजरअंदाज करने से मसूड़े की सूजन जैसी दर्दनाक स्थिति हो सकती है, जिसका इलाज मुश्किल और महंगा हो सकता है।